Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया


RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 272 | शुक्रवार, 03 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### विजयदशमी पर रक्षा मंत्री की हुंकार

# सर क्रीक में नापाक हरकत का ऐसा जवाब देंगे कि इतिहास-भूगोल बदल जाएगा



**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक सैन्य बेस में सैनिकों के बीच विजयदशमी का त्योहार मनाया। उन्होंने शस्त्र पूजा की और साथ ही पाकिस्तान को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और ये इस कदर घातक होगा कि इतिहास और भूगोल, सब बदल जाएगा। राजनाथ ने ये चेतावनी भुज के आसपास विवादित क्षेत्र में पाकिस्तान के सैन्य ढांचे में हो रहे विस्तार को देखते हुए दी। उन्होंने कहा कि 1965 में भारतीय सेना ने लाहौर तक कब्जा करके अपने साहस का परिचय दे दिया है और 2025 में पाकिस्तान को याद रखना चाहिए कि कराची का रास्ता सर क्रीक से होकर जाता है। भुज में जवानों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी सर क्रीक क्षेत्र में सीमा विवाद को हवा दी जा रही है। भारत ने इसे बातचीत के जरिए सुलझाने की कई कोशिशें की हैं, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है। दुनिया की कोई भी ताकत अगर वह हमारी संप्रभुता को चुनौती देती है, तो भारत को चुप नहीं बैठेगा। आज का भारत कहता है कि चाहे आतंकवाद हो या कोई अन्य समस्या, हम उससे निपटने और उसे हराने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी क्षमताओं के बावजूद हमने संयम बरता क्योंकि हमारी सैन्य कार्रवाई आतंकवाद के विरुद्ध थी।

### जब चाहें, जहां चाहें पहुंचा सकते हैं नुकसान

इस दौरान राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए सेना के शौर्य को सराहा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सशस्त्र बलों ने यह साबित कर दिया कि भारत की संप्रभुता को चुनौती देने वाली ताकतें, चाहे वे कहीं भी छिपी हों, हमारे पास उन्हें ढूंढकर खत्म करने की ताकत है।

## मोरक्को में जेन जी का सरकार विरोधी प्रदर्शन हुआ हिंसक, दो की मौत



**रबात।**

मोरक्को में जेन जी का विरोध प्रदर्शन जारी है। युवा बुधवार को लगातार पांचवीं रात विरोध करने सड़कों पर उतरे। सार्वजनिक सेवाओं की स्थिति को लेकर हो रहा यह विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। यह मौतें रबात से 500 किलोमीटर दक्षिण में लेक्लिया में हुईं। पुलिस ने कहा कि आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में दो लोग मारे गए। सेल नामक शहर में सैकड़ों नकाबपोशों ने, जिनमें अधिकांश किशोर थे कारों, बैंकों और दुकानों में आग लगा दी। वे लूटपाट कर रहे थे, जबकि पुलिस कहीं नजर नहीं आई।

## अमित शाह की अपील, हर परिवार साल में 5000 रुपये के खरीदे खादी उत्पाद

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश के हर परिवार से सालाना 5,000 रुपये के खादी उत्पाद खरीदने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जब आप स्वदेशी अपनाते हैं तो न सिर्फ लाखों लोगों के जीवन में उजियारा लाते हैं, बल्कि देश को 2047 तक दुनिया के सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के अभियान के साथ खुद को जोड़ते हैं। अमित शाह ने गुरुवार को कनॉट प्लेस स्थित खादी ग्रामोद्योग आउटलेट्स में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में खादी व ग्रामोद्योग उत्पादों पर देशव्यापी छूट का शुभारंभ किया और इस दौरान ये बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने खरीदारी भी की और यूपीआइ से भुगतान किया। यह छूट दो चरणों में मिलेगी। पहला चरण पांच नवंबर तक चलेगा जबकि दूसरा चरण 15 नवंबर से 25 नवंबर तक चलेगा। खादी वस्त्रों पर 20 प्रतिशत और ग्रामोद्योग उत्पादों पर 10 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। गृह मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी और खादी का विचार देकर देश की आजादी के आंदोलन को गति देने के साथ ही अनेक गरीबों के जीवन में उजियारा फैलाने का काम किया। बहुत लंबे समय तक खादी और स्वदेशी दोनों भुला दिए गए। मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में खादी को पुनर्जीवित करने का बड़ा अभियान चलाया था। गृह मंत्री ने कहा कि आज फिर से खादी जन-जन के उपयोग की चीज बन गई है। इसकी बिक्री में कई सौ गुना की वृद्धि हुई है। आज खादी-ग्रामोद्योग का कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।




**2047**

तक दुनिया के सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के अभियान के साथ खुद को जोड़ते हैं।

## खंडवा: माता प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में गिरा ट्रैक्टर, डूबने से 12 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।**

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान विजयादशमी के दिन गुरुवार को दोपहर बाद बड़ा हादसा हो गया। 25 से अधिक श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पंधाना थाना क्षेत्र के अर्दला गांव स्थित तालाब के पुल की सड़क धंसने से पानी में समा गई। देर शाम तक चले रेस्क्यू के दौरान 12 श्रद्धालुओं के शव निकाल लिए गए थे, जिनकी डूबने से मृत्यु हुई है। इनमें आठ बालिकाएं भी सम्मिलित हैं। अन्य श्रद्धालुओं की तलाश में देर रात रेस्क्यू जारी रहा। सीएम मोहन यादव ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि खंडवा के ग्राम जामली और उज्जैन के समीप इंगोरिया थाना क्षेत्र में दुर्गा विसर्जन के दौरान हुए हादसे अत्यंत दुखद हैं। शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को ?4-4 लाख की सहायता राशि तथा घायलों को नजदीकी अस्पताल में समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। देवी मां दुर्गा से सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और शोक संतप्त परिजनों को संबल हेतु प्रार्थना है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया और देर शाम तक जिन 10 लोगों को पानी से निकाला, उनमें से अधिकांश की मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी। कुछ की अस्पताल में हो गई। रेस्क्यू देर रात तक जारी था। हादसे को लेकर अभी प्रशासनिक अधिकारी कुछ भी बताने से इन्कार कर रहे हैं।



### ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार थे 25 से अधिक लोग

ट्रैक्टर–ट्राली पर सवार 25 से अधिक लोगों में महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी थे। तालाब के ऊपर से एक पुल गुजरता है। दूसरे पार जाने के लिए ट्रैक्टर–ट्राली को इसी पुल से ले जाया जा रहा था। इस बीच इस पुल की सड़क धंस गई और ट्रैक्टर–ट्राली नीचे तालाब में जा गिरी। इस पर सवार सभी लोग पानी में समा गए।

## देशभर में धूमधाम से मनाया गया दशहरा

**नई दिल्ली।**

बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा गुरुवार को देशभर में धूमधाम से मनाया गया। वर्षा की वजह से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और कई अन्य राज्यों में खलल पड़ा। दिल्ली में मौसम खराब होने के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दशहरा समारोह में शामिल नहीं हो सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इंद्रप्रस्थ रामलीला समिति द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शामिल होना था, जो अचानक हुई भारी बारिश के कारण रद कर दिया गया। गृह मंत्री अमित शाह बारिश के कारण पीतमपुरा में एक कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। जेएनयू में रावण के पुतले के 10 सिरों में दिल्ली दंगे की साजिश रचने के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम की फोटो लगाई गई। अभाविप ने आरोप लगाया कि वाम समर्थित छात्रों ने रावण दहन के दौरान जूते फेंके और कार्यक्रम में बाधा डाली। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में विजयदशमी धूमधाम से मनाई गई। वाराणसी में रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण का पुतला फूंका गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में विशेष पूजा की। बिहार के पटना में गांधी मैदान में बिहार के सबसे ऊंचे 80 फीट के रावण का पुतला जलाया गया, हालांकि वर्षा के कारण रावण का सिर टूट गया।



## || सार संक्षेप

### लेह में आज से खुल जाएंगे कक्षा आठ तक के स्कूल



**जम्मू/लेह।**

बीती 24 सितंबर को लेह में कर्फ्यू लगाया गया था। प्रशासन की ओर से हालात की समीक्षा करते हुए हर रोज लगातार कुछ घंटे की ढील जा रही थी। शुरूआत में केवल आवश्यक वस्तुओं की दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई थी, जैसे-राशन, सब्जियों और हार्डवेयर आदि की दुकानें। लेह हिंसा के एक हफ्ते बाद शहर में स्थिति करीब-करीब सामान्य हो गई है। इसे देखते हुए प्रशासन ने आज शुक्रवार से लेह में कक्षा आठ तक के स्कूलों को खोले जाने का फैसला किया है। सार्वजनिक परिवहन की बसें भी सुबह 10 बजे से लेकर शाम छह बजे तक चलाई जाएंगी। बाजार भी पूरा दिन खुलेंगे। हालात सामान्य होने से लोगों को राहत है, हालांकि इंटरनेट सेवा चालू किए जाने को लेकर फैसला आज शाम किया जाएगा। बीती 24 सितंबर को लेह में कर्फ्यू लगाया गया था। प्रशासन की ओर से हालात की समीक्षा करते हुए हर रोज लगातार कुछ घंटे की ढील जा रही थी। शुरूआत में केवल आवश्यक वस्तुओं की दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई थी, जैसे-राशन, सब्जियों और हार्डवेयर आदि की दुकानें।

**शाम छह बजे तक बसें भी चलेंगी**

### भारत से संबंध मजबूत करने अगले हफ्ते आएंगे अफगानिस्तान के विदेश मंत्री



**नई दिल्ली।**

भारत और अफगानिस्तान के बीच संबंधों को मजबूती देने के लिए तालिबान सरकार में विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी नौ और 10 अक्टूबर को भारत के दौरे पर रहेंगे। वह अगस्त में ही भारत आनेवाले थे, लेकिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तरफ से यात्रा प्रतिबंध छूट न मिल पाने की वजह से उनका दौरा रद हो गया था। सूत्रों ने अब उनके आने की पुष्टि कर दी है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच डुरंड लाइन को लेकर तनाव काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान आरोप लगाता रहा है कि अफगानिस्तान तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को सुरक्षा दे रहा है और हाल में पाकिस्तान की तरफ से सीमा पार से हवाई हमले भी हुए हैं, जिसका तालिबान नेतृत्व ने कड़ा विरोध किया है। इस दौरान भारत ने अफगानिस्तान से नजदीकी बढ़ाई है। अफगानिस्तान से कई महत्वपूर्ण अधिकारियों ने भारत का दौरा किया है।

## बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार बनाएगी जोखिम गारंटी कोष, 20,000 करोड़ से होगा विकास

**नई दिल्ली।**

सरकार निजी क्षेत्र से निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए 20,000 करोड़ रुपये का जोखिम गारंटी कोष बनाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। सूत्रों ने बताया कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए जोखिम गारंटी कोष की स्थापना से परियोजना जोखिमों को साझा करके निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने और परियोजना डेवलपर पर बोझ कम करने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि 20,000 करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि वाले इस कोष का प्रबंधन राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा किया जा सकता है।

### भारत की बुनियादी ढांचा जरूरतें

सूत्रों ने बताया कि यह कोष नीतिगत अनिश्चितता और अन्य गैर–वाणिज्यिक जोखिमों से होने वाले नुकसानों की भरपाई करेगा नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआइपी) रिपोर्ट के अनुसार, अनुमान है कि 2025 तक 5000 अरब डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने और 2030 तक वृद्धि की गति को जारी रखने के लिए भारत को 2030 तक बुनियादी ढांचे पर 4500 अरब डालर (लगभग 390 लाख करोड़ रुपये) खर्च करने की आवश्यकता होगी।



## संपादक की कलम से

# चिकित्सा का मैत्री भाव

संकल्प तो अच्छा है, लेकिन फर्ज की कसौटी में सरकारी नौकरी न हो जाए। वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच के लिए रोगी मित्र योजना एक जरूरत को पूरा कर सकती है, बशर्ते नौकरी के फितूर में यहां भी वेतन विसंगतियों का कॉडर न खुल जाए। यह सही है कि बड़े अस्पतालों खास तौर पर मेडिकल कालेजों में मरीज की तीमारदारी का हर अध्याय तकलीफ देता है। हिमाचल में सबसे लंबी कतारें अस्पतालों के ओपीडी कक्ष में, जबकि मेडिकल कालेजों के बिस्तर तक पहुंचने के लिए लगती हैं। ऐसे में रोगी मित्र योजना अगर बूढ़ों को असुविधा से बचाने, उन्हें डाक्टरों की प्राथमिक सूची तक पहुंचाने तथा चिकित्सा गाइड के रूप में आजमाने की एक व्यवस्था बनती है, तो इसका स्वागत होना चाहिए। वैसे अस्पतालों में कार्यरत हर स्टाफ को यह बताने की जरूरत है कि रोगी और अस्पताल के बीच हर व्यक्ति एक कड़ी है। यहां डाक्टरों से लेकर पैरामेडिकल स्टाफ तक को रोगी मित्र बनने की आदत या नशा होना चाहिए। आश्चर्य होता है जब कोई मरीज आपातकालीन स्थिति में स्ट्रेचर जैसी वस्तु के लिए संघर्ष करते-करते मर जाता है या सप्ताहांत अस्पताल के बिस्तर तक कोई वरिष्ठ या विशेषज्ञ डाक्टर अवकाश के कारण नहीं आता। अस्पताल की सक्रियता का एक खास मैकेनिजम है। इस क्रम में रोगी मित्र के हवाले कितना फर्ज-कितना अस्पताल आता है यह देखना होगा। जाहिर है रोगी मित्र को चिकित्सा सेवा की लाठी बनते हुए अस्पतालों की कई सीढियां-कई कडियां जोडी पडेंगी। खास तौर पर मेडिकल कालेजों का बिखरा-बिखरा माहौल अगर रोगी मित्र के सहारे जुड़ जाए, तो इस प्रयोग को संजीवनी माना जाएगा, लेकिन अस्पतालों में तो समस्याओं के घोंसले लटके हुए हैं। फर्ज बड़ा है या काम की दावत, इस इम्तिहान में सिर्फ आंसर शीट बदल रही है। सबसे मुश्किल है किसी इंडोर मरीज के विभिन्न परीक्षणों से गुजरना। जो सेवा किसी निजी अस्पताल के बिस्तर तक पूरा स्टाफ पहुंचाता है, क्या वैसा माहौल रोगी मित्र के सहारे हो जाएगा। हाल यह है कि तीमारदार को अस्पताल की बैसाखियां ढोनी पड़ती हैं। उन्हें वार्ड कर्मचारियों के सहायक के रूप में अपना दर्द साझा करना पड़ता है। इसमें कोई शक नहीं कि अब हर घर में एक प्रशिक्षित तीमारदार होना चाहिए। होना तो यह चाहिए कि रोगी मित्रों की कुछ हद तक पोस्टिंग हर गांव में की जाए ताकि जब भी कोई गंभीर बीमार बड़े अस्पताल की ओर रुखसत करे, तो उसकी सेवाएं भी संलग्न हों। दरअसल अब मल्टीटास्क प्रशिक्षण की जरूरत है। निजी अस्पतालों में एंबुलेंस का चालक ही चिकित्सा सहायक व नर्स के रूप में मरीज को आक्सीजन की आपूर्ति व अन्य लाइफ सेविंग उपकरणों की दक्षता से संचालन कर सकता है, तो यही कार्य संस्कृति सरकारी अस्पतालों में भी आनी चाहिए। बेशक कई प्रयोग हो रहे हैं और व्यवस्था परिवर्तन की तर्ज पर सरकार काम करना चाहती है, लेकिन उच्च मानदंडों की अभिलाषा सरकारी कार्यसंस्कृति के पोखर में ठहर जाती है। बहरहाल रोगी मित्र जैसे सहयोगी से अस्पतालों की प्रबंधकीय शैली में अंतर आ सकता है, बशर्ते इस सारे कदमताल में केवल एक नौकरी बनकर कुछ कर्मचारी अस्पतालों में चस्पां न हो जाएं। रोगी मित्र के जरिए सरकारी अस्पतालों की संवेदना बढ़ती है, कुछ हाथ बुजुर्गों के लिए बढ़ते हैं और चिकित्सकीय सेवाओं का अनुभव आत्मीयता से भर जाए, तो कौन नहीं चाहेगा कि ऐसे प्रयोग हर विभाग में कर्मचारियों में मैत्री तत्व विकसित करे।



ललित शर्मा
संपादक

# राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली सौ वर्ष



> संघ के स्वयंसेवकों ने प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए चले लंबे आंदोलन में बलिदान देकर के राममंदिर आंदोलन को तेज गति देने का कार्य किया था

वैसे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्र निर्माण के लिए किये गये कार्यों की लंबी फेरहिस्त देखें तो उससे यह स्पष्ट होता कि राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक का हमेशा अनमोल योगदान रहा है, उस योगदान की अनदेखी करना देश हित व समाज हित में उचित नहीं है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने पावन पर्व विजयदशमी के दिन 27 सितंबर 1925 को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना राष्ट्र, संस्कृति व समाज हित के लिए की थी। संघ स्थापना काल से लेकर के आज तक देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय ढांचे को मजबूत करते हुए अपने कार्यों के दम पर करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाते हुए, राष्ट्र निर्माण में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से योगदान देने का कार्य निरंतर कर रहा है।

हालांकि देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निर्माण के दिन से ही उसके बारे में तरह-तरह का दुष्प्रचार करने की क्षणिक स्वार्थ पूरा करने वाली राजनीति की जबरदस्त ढंग से होती रही है, यह लोग ओछी राजनीति से वशीभूत होकर के राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी कि आरएसएस की कोई भी भूमिका नहीं रही, आम जनमानस को ऐसा बता कर के संघ के प्रति आम जनमानस को बरगलाने का प्रयास करते हैं, जो सरासर गलत है। वैसे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्र निर्माण के लिए किये गये कार्यों की लंबी फेरहिस्त देखें तो उससे यह स्पष्ट होता कि राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक का हमेशा अनमोल योगदान रहा है, उस योगदान की अनदेखी करना देश हित व समाज हित में उचित नहीं है। इसलिए समय रहते हम लोगों को यह समझना होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश का अनुशासित सांस्कृतिक संगठन है, संघ का स्वयंसेवक बिना किसी लोभ-लालच के राष्ट्र व समाज के लिए निस्वार्थ भाव से अपने तन, मन और समय को अर्पित करने का कार्य करता है। एक सच्चे स्वयंसेवक का जीवन केवल निजी उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह अपनी सांसों को भी मातृभूमि की सेवा का साधन बना देता है, वह राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए हर पल तत्पर रहता है। वैसे भी किसी भी ताकतवर राष्ट्र के निर्माण के लिए अनुशासन व नैतिकता बेहद आवश्यक होती है, इन दोनों के बिना किसी भी ताकतवर राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के लिए नैतिकता व अनुशासन सर्वोपरि होता है, इसलिए उसका राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। संघ सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय निर्माण की विचारधारा के दम पर ही दुनिया भर में अपनी विशेष पहचान रखता है। यह देश व दुनिया का एक ऐसा संगठन है जो अपनी विशेष कार्यशैली के दमखम पर दुनिया में सनातन धर्म-संस्कृति के रक्षक तौर पर और एक बहुत बड़े सामाजिक संगठन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। संघ अपने निर्माण के सौ वर्षों के लंबे सफर के बाद अब अपनी कार्यशैली के बलबूते दुनिया के ताकतवर बड़े गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) में शुमार हो गया, आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक फैलें हुए हैं और सबसे अहम बात यह है कि संघ दुनिया भर का एक ऐसा संगठन है, जोकि अपनी स्थापना के सौ वर्षों के बाद भी अपनी विचारधारा व उद्देश्यों से जरा भी नहीं भटका है, आज भी अपनी विचारधारा पर संघ पूरी तरह से कायम है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संगठन की सबसे बड़ी खूबी यह है कि संघ के राष्ट्र निर्माण व समाज के लिए पूरी तरह से निस्वार्थ भाव से समर्पित स्वयंसेवकों की टोली हमेशा अपना कार्य निस्वार्थ भाव से करना जारी रखती और कभी भी श्रेय लेने तक का भी प्रयास नहीं करती है। हालांकि देश व दुनिया में जब से डिजिटल क्रांति आयी है तब से लोगों को यह पता चलने लगा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्थापना काल के दौर से ही राष्ट्र निर्माण, एकता और सांस्कृतिक जागरण के दीप को प्रज्वलित करते हुए समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक गौरव बढ़ाने पर जोर दिया है। देश की आजादी के दौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जहां लोगों को राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत करने का कार्य बखूबी किया था, वहीं आजाद भारत में संघ ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के प्रयास करते हुए एकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य करते हुए राष्ट्र व समाज हित में निरंतर कार्य कर रहा है। आज देश के दूरदराज इलाकों तक में भी संघ अपनी 55 हजार शाखाओं व करोड़ों स्वयंसेवकों के माध्यम से पहुंच कर जनहित व राष्ट्रहित के कार्यों को निरंतर अंजाम दे रहा है। राष्ट्र निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य की बात करें तो संघ के स्वयंसेवकों ने वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान पाकिस्तान से आए हुए विस्थापितों की सहायता करते हुए, उन लोगों के जान-माल की सुरक्षा करने का कार्य बड़े पैमाने पर किया था। संघ ने दादरा, नगर हवेली और गोवा के विलय में निर्णायक भूमिका निभाने का कार्य किया था, 2 अगस्त 1954 की सुबह संघ के स्वयंसेवकों ने पुतर्गाल का झंडा उतारकर तिरंगा फहरा कर पुतर्गाल के कब्जे से मुक्त करवाया था। संघ के स्वयंसेवक 1955 से चले गोवा मुक्ति संग्राम में शामिल रहे, उन्होंने गोवा में सशस्त्र हस्तक्षेप करने से तत्कालीन सरकार के द्वारा इनकार करने पर जगन्नाथ राव जोशी के नेतृत्व में गोवा पहुंच कर के आंदोलन शुरू किया था, लेकिन बाद में जब जगन्नाथ राव जोशी सहित संघ के कार्यकताओं को दस वर्ष की सजा हुई तो गोवा के हालत बिगड़ने पर अंततः भारत सरकार के सैनिकों को हस्तक्षेप करना पड़ा था और वर्ष 1961 में संघ की क्रांति के दीप से ही गोवा भी स्वतन्त्र हुआ था। संघ के स्वयंसेवक अनुशासन व ट्रेनिंग के दम पर ही तो देश में सामाजिक सेवा, आपदा प्रबंधन के कार्य में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेते आये है। भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, चक्रवाती तूफान, युद्ध, महामारी (प्लेग? व कोरोना आदि) और अन्य राष्ट्रीय संकटों के समय हमेशा अपनी जान की परवाह किए बिना ही राहत व बचाव के कार्यों में बढ़-चढ़कर के सक्रिय भूमिका निभाते हुए नजर आते हैं। विद्या भारती, सेवा भारती जैसे संगठनों के माध्यम से संघ देश में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कार्यरत हैं। विद्या भारती जैसे संघ के संगठनों ने भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य पूरे देश में चला रखा है। देश में हजारों स्कूलों के माध्यम से लाखों छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा निरंतर प्रदान की जा रही है। संघ के द्वारा शिक्षा के माध्यम से नैतिकता, देशभक्ति और सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों को युवा पीढ़ी में स्थापित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। आज देश में 86 प्रांतीय एवं क्षेत्रीय समितियाँ विद्या भारती से संलग्न हैं। जिसके अंतर्गत 30 हजार शिक्षण संस्थाओं में 9 लाख शिक्षकों के मार्गदर्शन में 45 लाख छात्र-छात्राएं शिक्षा एवं संस्कार ग्रहण कर रहे हैं। इनमें से 49 शिक्षक प्रशिक्षक संस्थान एवं महाविद्यालय, 2353 माध्यमिक एवं 923 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 633 पूर्व प्राथमिक एवं 5312 प्राथमिक, 4164 उच्च प्राथमिक एवं 6127 एकल शिक्षक विद्यालय तथा 3679 संस्कार केंद्र हैं। वहीं आज देश के विभिन्न दूरदराज तक के हिस्सों में शिशु वाटिकाएं, शिशु मंदिर, विद्या मंदिर, सरस्वती विद्यालय, उच्चतर शिक्षा संस्थान, शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र और शोध संस्थान हैं। देश में इन सरस्वती मंदिरों की संख्या अब भी निरंतर बढ़ रही है और आज विद्या भारती देश का सबसे बड़ा गैर सरकारी शिक्षा संगठन बन चुका है। वर्ष 1962 में चीन से हुए युद्ध में भी संघ ने बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जिससे प्रभावित होकर संघ को वर्ष 1963 के गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने का निमन्त्रण तक दिया था। संघ देश मे तेजी से चल रहे धर्मांतरण की आंधी को रोकने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है, सामाजिक समरसता और सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। देश के आदिवासी क्षेत्रों में जिस तरह से तेजी से धर्मांतरण करने का जाल बिछाया गया, संघ के स्वयंसेवकों ने जान की बाजी लगाकर उसको काफी हद तक रोकने का कार्य किया है।

संघ ने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को कम करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए बहुत सारे अभियान चलाए है। यह समाज के सभी वर्गों को एकजुट करने पर जोर देता है। आदिवासी और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए वनवासी कल्याण आश्रम जैसे संघ के संगठन देश के दूरदराज तक के क्षेत्रों में कार्यरत हैं। संघ ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध चले जेपी आंदोलन में और देश में लगे आपातकाल के विरुद्ध चले आन्दोलन में बड़ी अहम भूमिका निभाने का कार्य किया था और इंदिरा गांधी को सत्ता से बाहर करने का कार्य किया था।

## उदय किशोर साह



### वृद्धजन को दें सम्मान

कविता

वृद्धजन हमारे लिये हैं भगवान
हर कोई देना इनको सम्मान
जो भी करेगा इनका अपमान
सजा पायेगा नरक में वो शैतान

वृद्धजन से है हमारी पहचान
इनसे है हमारी में आन बान शान
वंश वृक्ष की ये हैं बीज महान
इनकी ही कर्म से है हमारी मान

वृद्धजन हैं हमारी वजूद का नाम
इनके आर्शिवचन से पूरी अरमान
चौखट पे है इनसे घर की कमान
सिपहसलार है इनका ही काम

वृद्धजन जहाँ हो चुके हैं गुमनाम
उनके वशंज हो रहे हैं बदनाम
बुर्जुग के दिलो दिमाग से लें काम
हर घर में इनका हो सेवा व मान

वृद्धजन ने दी है हौसले आसमान
बच्चे के लिये है ये शिक्षा का धाम
अच्छे बुरे की कराते हैं ये पहचान
देना है भाई इनको हर कोइ मान

# मानसून कैंपिंग का उठाना है पूरा मजा तो इन बातों का रखें ध्यान, वरना होगी परेशानी



बारिश के मौसम में अगर आप भी प्रकृति के करीब रहने के लिए कैंपिंग की योजना बना रहे हैं, तो आज हम आपके साथ मानसून कैंपिंग ट्रिप के कुछ जरूरी टिप्स शेयर करने जा रहे हैं। जिनको फॉलो करके आप भी अपनी कैंपिंग ट्रिप को बेहतरीन बना सकते हैं। मानसून अपने साथ हरियाली, ठंडी हवाएं और ताजगी को लेकर आता है। बारिश की बूंदे पहाड़ों और जंगलों की खूबसूरती को अधिक बढ़ा देती है। ऐसे मौसमों में जंगलों या फिर पहाड़ों में कैंपिग का अनुभव काफी रोमांचक हो सकता है। लेकिन बारिश के मौसम में रात गुजारने का खतरा उतना ही बड़ा होता है। खासकर तब जब आप बिना किसी तैयारी के निकलते हैं। बारिश के मौसम में अगर आप भी प्रकृति के करीब रहने के लिए कैंपिंग की योजना बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ मानसून कैंपिंग ट्रिप के कुछ जरूरी टिप्स शेयर करने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप भी अपनी कैंपिंग ट्रिप को बेहतरीन बना सकते हैं।

**वॉटरप्रूफ टेंट:** साधारण क्वालिटी वाले टेंट मानसून में बेकार साबित हो सकता है। इसलिए कैंपिंग पर जाने से पहले अच्छी क्वालिटी वाला वॉटरप्रूफ टेंट का चुनाव करें। जिससे बारिश से आपका बचाव हो सके और ध्यान रखें कि टेंट का कवर और जिप मजबूत हो।

**नीची जगह या ढलान वाली जगह का चुनाव न करें:** ध्यान रखना चाहिए कि आप कैंपिंग के लिए किसी नीची जगह या ढलान वाली जगहों का चयन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इन स्थानों पर टेंट लगाने से पानी भरने का खतरा रहता है। इसलिए कैंपिंग ट्रिप पर हमेशा जमीन से थोड़ी ऊंचाई पर समतल और सूखी जगह का चुनाव करना चाहिए।

**सूखा बैग और रेनकोट:** अपना पावर बैंक, मोबाइल, कपड़े और जरूरी सामान के लिए एक ड्राय बैग साथ में जरूर रखना चाहिए। आपको इस दौरान वॉटरप्रूफ बैग साथ में ले जाना चाहिए। जिससे कि बारिश होने पर आपका सामान न भीगे। वहीं एक हल्का रेनकोट और वॉटरप्रूफ जैकेट अपने साथ रखना न भूलें।

**फास्ट-ड्राई फैब्रिक पहनें:** बारिश होने पर कॉटन भीग सकता है। इसलिए कैंपिंग के दौरान ऐसे फैब्रिक का चयन करना चाहिए, जोकि गीले होने पर जल्दी सूख भी जाएं। इसके लिए आप पॉलिएस्टर या नायलॉन जैसे फास्ट ड्राई फैब्रिक का चुनाव कर सकती हैं। जिससे कि अगर आप बारिश में भीग भी जाएं, तो आपका शरीर जल्दी सूख जाए।

**आग और खाने की सुरक्षा:** मानसून में कैंप फायर थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इसके लिए आप ड्राय वुड और वाटरप्रूफ लाइटर अपने साथ जरूर रखें। साथ ही खाने का सामान एयरटाइट पैकिंग में रखना चाहिए। जिससे कि नमी से इसका बचाव हो सके।

# करवा चौथ की शॉपिंग के लिए दिल्ली के इस बाजार में जाएं, सस्ते दाम में होगा फायदा



करवा चौथ का त्योहार बेहद नजदीक आ चुका है। ऐसे में तैयारी करने के लिए ज्यादा समय बचा नहीं है। अगर आप भी करवा चौथ के लिए सस्ते दामों कुछ सामान खरीदना चाहती हैं, तो दिल्ली के इस बाजारमें जरुर जाएं, हर एक सामान बढ़िया मिलेगा। हर साल करवा चौथ के लिए शॉपिंग तो महिलाएं जरुर करती हैं। इस दौरान बाजारों की रौनक देखना तो बनता ही है। महिलाएं सजे-धजे बाजारों में अपने लिए कपड़ें और श्रृंगार का सामान खरीदती है। अगर आप शॉपिंग करने के लिए सोच रहे हैं कहां जाएं, तो अब परेशान होने की जरुरत नहीं है। आज इस लेख में हम आपको बताएंगे दिल्ली के बेस्ट बाजार जहां पर आप करवाचौथ का सभी सामान सस्ते रेट पर खरीद सकते हैं।

**सादर बाजार का ग्रीन मार्केट:** अगर आप करवा चौथ के लिए सस्ते दाम में कपड़े और वास्तुएं खरीदना चाहती हैं, तो आप सादर बाजार के ग्रीन मार्केट में जा सकती है। इन बाजार में आपको एक से बढ़कर एख डिजाइनर ब्लाउज, ब्रांडेड कपड़े और पारंपरिक कपड़े खरीद सकते हैं। यहां पर करवा चौथ या फिर किसी भी त्योहार के लिए ड्रेसेस व साड़ी खरीद सकती हैं।

**यहां मिलेंगी सस्ती एक्सेसरीज:** करवा चौथ के लिए साड़ियां तो खरीद ली, लेकिन एक्सेसरीज कौन खरीदेगा। इस मार्केट में आप करवा चौथ के लिए जूलरी खरीद सकती हैं, चूड़ियां खरीद सकती है और यहां पर आपको मेकअप का सारा सामान भी मिल जाएगा।

**कैसे पहुंचे:** दिल्ली के सदर बाजार में पहुंचने के लिए सबसे पहले आप नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से ई रिक्शा, कैब या फिर ऑटो के माध्यम से यहां पर जा सकती हैं। आप चाहे तो दिल्ली के किसी भी मेट्रो स्टेशन से आरेक आश्रम मेट्रो तक जाकर सदर बाजार पहुंच सकती हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# उमर फारूक बने भाकियू (टिकैत) युवा विंग के टाण्डा महासचिव

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की किसान हितैषी नीतियों से प्रभावित होकर लोग तेजी से संगठन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसी क्रम में नगर के मोहल्ला राहूपुरा में आयोजित एक बैठक में करीब आधा दर्जन लोगों ने भाकियू की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को और मजबूती प्रदान की। इस अवसर पर मोहम्मद फारूक, रईस अहमद, भूरा खान और मोहम्मद जकी सहित कई नए साथियों ने भाकियू का दामन थामा।पदाधिकारियों द्वारा सभी नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें संगठन की सदस्यता प्रदान की गयी।इस दौरान उमर फारूक को सर्वसम्मति से भाकियू की युवा नगर कार्यकारिणी में महासचिव के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया गया। नए सदस्यों को भाकियू की नीतियों और किसानों के हितों के लिए संगठन के प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी से संगठन की विचारधारा को अपनाते हुए इसे और मजबूत बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) लंबे समय से किसानों के अधिकारों, उचित फसल मूल्य, कर्जमाफी और ग्रामीण विकास जैसे मुद्दों पर मुखर रही है। संगठन की नीतियां न केवल किसानों, बल्कि समाज के हर वर्ग को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस अवसर पर जिला सचिव साबिर अली, नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां, इंतिजार हुसैन, मुकीम अली, जलीस उर्फ भूरा, रईस अहमद, हाफिज सबूर, अब्दुल अलीम, मोहम्मद रफीफ और मोहम्मद फैसल आदि मौजूद रहे।

# सत्य का तेल, अहिंसा की बाती हल्दौर ग्रुप आफ कॉलेज में मनायी गई, गांधी और शास्त्री की जयंती



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**हल्दौर :** भारतवासी जब जब आजादी अहिंसा और सत्य की चर्चा करते हैं तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम जरूर लिया जाता है। देश को सत्य और अहिंसा के नियमों पर चलाते हुए आजाद करवाने में बापू का योगदान बेहद खास रहा है। यहीं वजह है कि हर साल 2 अक्टूबर को पूरा देश गांधी जयंती का पर्व बहुत सम्मान के साथ मानता है। साथ ही साथ 2 अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री जी की भी जयंती मनायी जाती है शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से सात मील दूर एक छोटे-से रेलवे टाऊन मुगलसराय में हुआ था। शास्त्री जी भारत के दूसरे प्रधानमंत्री रहे। सफलता के शिखर पर पहुंच कर भी हमेशा जमीन से जुड़े रहने वाली शख्सियत देशवासियों के लिए अपना वेतन तक त्याग देने वाले महान नेता थे। महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार ने बताया कि बेहद लोकप्रिय और जोशीला, जय जवान, जय किसान का नारा देने वाले शास्त्री जी भारत रत्न से सम्मानित अपनी जबरदस्त कार्य क्षमता से देश में हरित क्रांति और श्वेत क्रांति के प्रणेता बने, उनके कुशल नेतृत्व में देश ने 1965 की जंग में पाकिस्तान को करारी मात दी। इसी क्रम में मोहनदास करमचंद गांधी जी के वाक्य को भी दोहराते हुए कहा कि नफरत का अंत नफरत से नहीं केवल प्रेम से हो सकता है।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र त्यागी ने कहा कि हम सभी देशवासियों को गांधी जी और शास्त्री जी के विचारों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। जिससे देश में हमेशा सत्य का तेल, अहिंसा की बाती अपना प्रकाश फैलाती रहें।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद स्तरीय चित्रकला प्रतिभागियों को दिया प्रमाणपत्र




**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** गांधी जयंती के अवसर पर जनपद वाराणसी के जिला विद्यालय निरीक्षक भोलेंद्र प्रताप सिंह ने जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकों सहित अधिकारियों से अपने शैक्षिक परिसर सहित अपने कार्यालयों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छाग्रह किया इसका आरम्भ स्वयं जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने क्वींस कॉलेज के परिसर में अपने हाथों से सफाई कार्य के साथ किया इस दौरान क्वींस कॉलेज के प्रधानाचार्य सुमीत कुमार श्रीवास्तव,सह जिला विद्यालय निरीक्षक राणा बृजेश सिंह सिसोदिया,जिला समन्वयक अनुराग दुबे,उपप्रधानाचार्य बृजेश सिंह,सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने क्वींस कॉलेज के परिसर में सिंदूर का वृक्षारोपण भी किया।

# भारतीय हलधर किसान यूनियन संगठन आगरा जिला अध्यक्ष अशफाक अली साहब ने दिया भाईचारे का पैगाम

**वेलकम इंडिया**

आगरा भारतीय हलधर किसान यूनियन संगठन आगरा जिला अध्यक्ष अशफाक अली साहब ने भाईचारे का पैगाम देते हुए नौ दुर्गा वृत्त की नौमी के पर्व पर हर समाज के लोगों को प्रसाद वितरण कर आगरा शहर में एक भाईचारे व खुशहाली का माहोल बनाया आपको बताते भारतीय हलधर किसान यूनियन संगठन आगरा के जिला अध्यक्ष अशफाक अली साहब हमेशा हर समाज के लोगों के साथ हर स्थिति व परिस्थिति में कांधे से कांधा मिलाकर चलते हैं और जनता के प्रति बहुत खूबसूरत मौह देखने को मिलता है नौमी के प्रसाद वितरण के समय आगरा भारतीय हलधर किसान यूनियन संगठन आगरा जिला अध्यक्ष अशफाक अली ने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम एकता ज़िंदाबाद माता रानी का भंडारा ज़िंदाबाद जहाँ प्यार और भाईचारे की खुशबू हो, वहीं असली इबादत और भक्ति बसती है आज का दिन इस बात का गवाह है कि धर्म अलग हो सकते हैं, लेकिन दिल हमेशा एक रहते हैं प्रसाद वितरण के समय ,सय्यद सद्दाम हुसैन, यश चौहान, मोहित यादव, प्रदीप राजपूत, आनंद पाण्डेय,मनोज यादव, अरमान खान, विकास सिनसिनवार, आदि संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# असत्य पर हुई सत्य की जीत स्योहारा नगर में धूमधाम से मनाई गई विजयदशमी



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**स्योहारा।** स्योहारा नगर में विजयदशमी का पर्व पारंपरिक उल्लास, धार्मिक आस्था और सामाजिक समर्पण के साथ अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। नगर के प्रमुख स्थानों पर रामलीला मंचन, झांकियां और रावण दहन के भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतलों के दहन के साथ जैसे ही आकाश रंग-बिरंगी आतिशबाजियों से रोशन हुआ। ख्जय श्रीरामख्र के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने इस आयोजन का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर आजाद प्रेस क्लब द्वारा सेवा कार्य करते हुए जल वितरण शिविर भी लगाया गया, जिसमें भारी भीड़ के बीच लोगों को पीने का ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया। इस सेवा कार्य में समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा भाव का परिचय दिया। नगर प्रशासन की ओर से सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात की उचित व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल और वालंटियरों ने आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह पर्व स्योहारा की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरा। विजयदशमी ने एक बार फिर से यह संदेश दिया कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, जीत सदैव सत्य और धर्म की ही होती है।

## पुतलों ने समाज को जागरूक करने और बुराइयों के अंत का दिया संदेश: सीओ शोभित कुमार

बुलंदशहर थाना डिबाई में दशहरे के अवसर पर इस बार रावण दहन का एक अलग ही नजारा देखने को मिला। समाज को जागरूक करने और बुराइयों के अंत का संदेश देने के लिए डिबाई पुलिस ने मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत एक अनोखी पहल की। हर साल की तरह रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले तो बनाए गए, लेकिन इस बार इन पुतलों के साथ जो संदेश जुड़ा, उसने सबका ध्यान खींच लिया। पुतलों पर दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ नारे लिखे गए। पुलिस का कहना है कि जिस तरह आज रावण और उसके भाइयों के पुतलों का दहन होगा, ठीक उसी तरह समाज से इन बुराइयों का भी अंत होना चाहिए। डिबाई सीओ शोभित कुमार ने कहा ₹मिशन शक्ति के माध्यम से हमारा मकसद है कि लोग महिला अपराध, घरेलू हिंसा और दहेज प्रथा जैसी बुराइयों से पूरी तरह छुटकारा पाएं। जैसे बुराई पर अच्छाई की जीत होती है, वैसे ही समाज से अपराध और कुरीतियों का भी खात्मा होना चाहिए।ख्र डिबाई पुलिस की इस पहल की लोग सराहना कर रहे हैं।

# विश्व हिंदू महासंघ द्वारा विजयदशमी पर हवन यज्ञ किया गया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विश्व हिंदू महासंघ द्वारा विजयदशमी के उपलक्ष पर यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व विधायक डॉ इंद्रदेव सिंह, विश्व हिंदू महासंघ के सनातन रक्षा वहिनी प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री पीयूष अरोड़ा, जिला महामंत्री आशाराम, जिला मंत्री पारस राठी, गोपाल, तहसील अध्यक्ष गोविंद गिरी, तहसील उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, तहसील मंत्री बाबूराम, सचिन बस्सी, नगर अध्यक्ष आकाश, नगर महामंत्री अजय महेश्वरी, नगर मंत्री संदीप सैनी, ऋतिक त्यागी, डॉ सुभाष आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यज्ञ के उपरांत प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ इंद्रदेव सिंह एवं जिला महामंत्री आशाराम एवं जिला मंत्री गोपाल को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** राजा का ताजपुर के निकटवर्ती ग्राम रवाना शिकारपुर के विश्वसनीय एवं प्रसिद्ध विद्यालय एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल (रवाना शिकारपुर ) में गांधी जयंती तथा लाल बहादुर शास्त्री जयंती बड़े आदर और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर केवल शिक्षकों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। प्रबन्धक देवेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में शिक्षको को महात्मा गाँधी के विचारों एवं आदर्शों से विद्यार्थियों को जोड़ने का आग्रह किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमें गाँधी जी के जीवन के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर अग्रसर रहना चाहिए। प्रिंस कुमार राणा ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शास्त्री जी अपनी ईमानदारी, सादगी और दृढ़ इच्छाशक्ति के लिए सदैव याद किए जाते हैं। कार्यक्रम में उनके प्रसिद्ध नारे ख्जय जवान, जय किसानख्र की महत्ता पर चर्चा हुई।वरिष्ठ अध्यापकों ने यह भी कहा कि शास्त्री जी ने कठिन परिस्थितियों में भी देश का नेतृत्व साहसपूर्वक किया और राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।




# उत्सव पैलेस रामलीला और बन्नू बिरादरी द्वारा निकाली गई शोभायात्रा की

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** विजयदशमी के पावन अवसर पर शहर के उत्सव पैलेस रामलीला मैदान में रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। हजारों की भीड़ इस ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी। मंच पर राम-रावण युद्ध का रोचक मंचन हुआ, जिसमें भगवान श्रीराम और रावण के बीच संवाद और युद्ध ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

राम-रावण युद्ध का दृश्य इतना जीवंत और प्रभावशाली रहा कि मैदान में मौजूद हर व्यक्ति श्रद्धा और रोमांच से भर गया। जैसे ही भगवान श्रीराम ने धनुष से तीर छोड़ा और रावण का वध हुआ, विशालकाय रावण पुतला धधकती लपटों के साथ धराशायी हो गया। उसी क्षण पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा और आतिशबाजी की चमक ने आसमान को रोशन कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ह्यहनीह्ल ने कहा कि विजयदशमी का पर्व हमें यह सीख देता है कि सत्य की राह कठिन जरूर हो सकती है, लेकिन जीत हमेशा धर्म और न्याय की ही होती है। आज रामपुरवासियों का यह उत्साह हमारे समाज की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखता है। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने कहा कि रावण दहन सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि यह आत्ममंथन का पर्व है। हमें अपने जीवन से अहंकार, लोभ और क्रोध जैसी बुराइयों का दहन करना चाहिए और राम के आदर्शों को अपनाना चाहिए। आयोजन में परिवारों, बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोल-नगाड़ों, पटाखों और आतिशबाजी के बीच रावण दहन का यह दृश्य रामपुर के लोगों की यादों में हमेशा के लिए बस गया। परंपराओं और भक्ति के संगम वाला रामपुर शहर विजयदशमी के अवसर पर आस्था और उत्साह से सराबोर दिखा। बन्नू बिरादरी की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने फीता काटकर किया। यह शोभायात्रा शास्त्री नगर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान कोसी मार्ग पर पहुंची। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और जयघोषों के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु रामभक्ति में डूबे नजर आए। रामलीला मैदान पहुंचते ही रावण दहन का बहुप्रतीक्षित क्षण आया। मंच पर राम-रावण युद्ध का सजीव और रोमांचक मंचन हुआ। भगवान श्रीराम ने जैसे ही अपने धनुष से अग्निबाण चलाया, विशालकाय रावण पुतला धधक उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज गया। आतिशबाजी और पटाखों की चमक ने वातावरण को और भी दिव्य बना दिया। इस बार आयोजन की विशेषता रही कि जिला प्रशासन ने रामलीला मैदान में दूसरे गेट का निर्माण कराया। जिससे शोभायात्रा पहले गेट से अंदर प्रवेश करती और दूसरे गेट से बाहर निकलती रही। इस नई व्यवस्था ने मेले में भीड़ प्रबंधन को और आसान बना दिया। लोगों ने प्रशासन के इस निर्णय की खुलकर सराहना की। रामलीला कमेटी ने भी जिला प्रशासन का खुलकर धन्यवाद किया। कमेटी के महामंत्री वीरेंद्र गर्ग ने बताया कि जिला प्रशासन से दूसरा गेट बनवाने की मांग कई वर्षों से की जा रही थी जो इस बार पुरी की गई है जिसका हमारी कमेटी जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करती हैं।

प्रशासन की इस नई व्यवस्था से हमें भीड़ से होने वाली अफरा- तफरी से राहत मिली। लोग आसानी से घूमे और खरीदारी भी कर सके। हर बार श्रद्धालुओं को बच्चों को लेकर मेले में आना थोड़ा कठिन होता था, लेकिन इस बार व्यवस्थाएं बहुत बेहतर रहीं। यह सिर्फ रावण का दहन नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार का भी उदाहरण है। इससे सुरक्षा और सुविधा दोनों बढ़ीं है।



# विजयादशमी का पर्व परम्परा अनुसार हर्षोल्लास के साथ परंपरागत मनाया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नगीना असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी (दशहरा) का पर्व परंपरा अनुसार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा के अवसर पर हिंदू परिवारों के लोगों ने अपने घरों पर विशेष पूजा अर्चना की तथा बहनों ने भाइयों के कानों पर जौ के नौरते रखें तथा सभी ने एक दूसरे को दशहरा के पावन पर्व कीशुभकामनाएं दी दशहरा के अवसर पर हिन्दू परिवारों में शस्त्रों की भी विशेष पूजा की गई।

दशहरा के अवसर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी परंपरा अनुसार धामपुर मार्ग पर श्री रामलीला ग्राउंड स्थित प्राचीन दुर्गा देवी के प्रसिद्ध मंदिर पर एक विशाल मेला लगा मेले में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर नारियों ने भाग लिया तथा देवी के मंदिर में प्रसाद व देवी के श्रंगार का सामान चढाकर अपनी व अपने परिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मेले में विभिन्न खाद्य पदार्थों व खेल खिलौनों की दुकानें लगी रही। जिन पर मेले में आये श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की। दशहरा के मेले मे अपार भीड़ रही श्री रामलीला मंदिर कमेटी की ओर से मेले में रामलीला मंचन की विभिन्न झांकियां निकाली गई ।सांय होते ही बुराई के प्रतीक रावण के पुतले को मुख्य अतिथि प्रकाश कुमार अपर पुलिश अधीक्षक ग्रामीण व मंदिर कमेटी के सलिल अग्रवाल ने तीर में आग लगा कर पुतले का दहन किया। रावण दहन देखने के बाद ही मेले में मौजूद लोग मेले में खरीदारी कर अपने अपने घरों को वापस लौटे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रकाश कुमार अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सी ओ अंजनी कुमार, सलिल अग्रवाल, हरिगोपाल अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल उर्फ आले, विकास अग्रवाल, एड अभिषेक मिश्रा, परितोष कौशिक, सौरभ मित्तल, राजकुमार विश्नोई, नीरज विश्नोई, शीतल जोशी, मयंक अग्रवाल, शीतांशु अग्रवाल सहित सेकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उसके बाद मेले में आए सभी दर्शकों ने अपनी आवश्यकता अनुसार खरीदारी भी की। मेले की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन चाक-चौबंद रहा तथा मेले के मार्ग को अवरुद्ध करते हुए दोनों ओर से रूट डायवर्ट कर किया गया। जिससे वाहनों को भारी असुविधा का सामना भी करना पड़ा। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम नितिन कुमार, सी ओ अंजनी कुमार, थाना प्रभारी अवनीत मान सहित भारी पुलिस बल व पीएसी बल के साथ सुरक्षा और अराजक तत्वों पर अपनी दृष्टि पूरे दिन जमाए रहे।

## पत्रकार की भतीजी पीहू का केक काटकर मनाया जन्मदिन, लोगों ने दी शुभकामनाएं



हापुड़ थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मोहल्ला हरजसपुरा निवासी पत्रकार चेतन कुमार की 1 वर्षीय भतीजी पीहू का जन्मदिन गुरुवार को बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ के स्थानीय बच्चों के बीच काट कर मनाया गया। पत्रकार की भतीजी का जन्मदिन मनाने के साथ पत्रकार पंकज सागर ने भतीजी पीहू को एक हार्दिक संदेश भेजते हुए कहा कि जैसी मेरी प्यारी बेटी भतीजी, जन्मदिन मुबारक हो !तुम्हारे लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं। तुम पर गर्व है। आपकी भतीजी का एक अद्भुत और उज्वल दिन हों।

## जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया झंडा रोहण

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



गांधी जी की शिक्षाएं अपने जीवन में उतारने तथा नई पीढ़ी को उनके जीवन चरित्र और संघर्षों से प्रेरणा स्वरूप अवगत कराने का जिलाधिकारी ने किया आह्वान बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि आज के दिन भारत में एक ऐसे व्यक्ति का जन्म हुआ जिसने भारत के इतिहास में ही नहीं बल्कि विश्व के इतिहास में भी अपना गौरवशाली स्थान बनाया। उन्होंने कहा कि विश्व के इतिहास में गांधी जी का नाम इसलिए भी स्वर्णमय शब्दों में दर्ज हुआ कि उन्होंने अपने पूर्ण जीवन को देश की गुलामी से मुक्त कराने के लिए समर्पित कर दिया और अपने जीवनकाल में ही उनके संघर्षों के फलस्वरूप देश को आजादी हासिल हुई, परन्तु उनका मन सत्ता सुख के मोह से हमेशा दूर रहा और अपने अन्तिम समय तक वह साधारण जीवन-उच्च विचार की विचारधारा का साक्षात रूप बने रहे। उन्होंने जन सामान्य का आह्वान किया कि सभी लोग अपने बच्चों को गांधी जी के जीवन चरित्र उनके बलिदान उनके संघर्ष के बारे में अनिवार्य रूप से जरूर बताएं। जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट सभागार में 156वीं गांधी जयंती समारोह के अवसर पर दोनों महापुरुषों गांधी जी एंव लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात अपने उद्गार व्यक्त कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आज के दिन पूरा देश महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री को याद करता है, और उनकी शिक्षाओं और विचारों से प्रेरणा प्राप्त करने का संकल्प लेता है। उन्होंने कहा कि अध्ययन करने गांधी जी के जीवन के अनेक आश्चर्यजनक पहलू हमारे सामने आते हैं, जो एक देशभक्त व्यक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत और अनुकरणीय होते हैं। यही कारण है कि गांधी जी के सत्य और अहिंसा के दर्शन से प्रभावित होकर संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य सभा ने सर्वसम्मति से गांधी जी के जन्मदिन 02 अक्टूबर को विश्व के समस्त देशों में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया।

## दबंग लोगों ने पड़ोसियों के साथ की मारपीट, महिला सहित पांच लोग हुए घायल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



हापुड़ जनपद के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र की दयोमी चौकी क्षेत्र के पन्नापुरी पुलिस चेक पोस्ट के चंद कदमों की दूरी पर मोहल्ला हरजसपुरा के पास एक दुकान के बाहर दबंग लोगों ने पड़ोसियों के साथ मारपीट कर फरार हो गए। घटना दशहरे पर्व के शाम की बताई गई। मिली जानकारी के अनुसार हरजसपुरा निवासी दबंग शराबी राजू नामक व्यक्ति और पड़ोसी राजपाल में किसी बात को लेकर मोहल्ला हरजसपुरा के पास दुकान के पास में कुछ कहासुनी हो गई थी।

कहासुनी इतनी बड़ी की दबंग राजू नामक व्यक्ति ने अपने परिवार के सदस्यों को बुलाकर रामपाल के साथ मारपीट कर दी। जिससे रामपाल घायल होकर सड़क पर गिर गया। जिसके सिर में अंडे की आमलेट बनाने फ्राई दान से हमला किया गया था। मारपीट की सूचना पर गंभीर हुए घायल के परिवारजन हरजसपुरा के बाहर पहुंचे तो दबंग व्यक्तियों ने महिला व उसके भाई के साथ भी मारपीट कर फरार हो गए। गंभीर रुप से घायल हुए राजपाल नामक व्यक्ति की बहन ने पन्नापुरी पुलिस चेक पोस्ट पर जाकर घटना की जानकारी दी। और स्थानीय पुलिस ने मौके पर जाकर घायल हुए रामपाल को देव नंदिनी अस्पताल पहुंचे लेकिन डॉक्टरों द्वारा व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए अन्य अस्पताल में रेफर कर दिया। गंभीर हुए व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले हरजसपुरा निवासी राजू के परिवार के करीब 5 से 6 सदस्य बताये गए हापुड़ देहात पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी।बड़ा सवाल पुलिस चेक पोस्ट के चंद कदमों की दूरी पर क्या दुकान के पास शराब पी रहे था राजू, शराब बनी क्या मारपीट का कारण।

## नारी शक्ति अभियान के तहत गांव उमरी में बालिकाओं और महिलाओं को किया गया जागरूक

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**





**किरतपुर**। मिशन शक्ति अभियान के फेज-5.0 के तहत गुरुवार की दोपहर क्षेत्र के गांव उमरी में बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं व युवतियों ने काफी संख्या में भाग लिया।इस कार्यक्रम में पुलिस स्टॉफ से एस आई गौरव मालिक, कांस्टेबल आई गौरव तेवतिया, कांस्टेबल अंकुर मान, कांस्टेबल जिनेश कुमार, महिला कांस्टेबल नविता देवी, कांस्टेबल रीना सैनी रही।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस आई गौरव मालिक रहे। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक किया। और बताया कि वूमेन पावर लाइन 1090 महिला हेल्पलाइन झ 181पुलिसआपातकालीन सेवा 112स्वास्थ्य सेवा 102, 108मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076चाइल्डलाइन 1098, 1930और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई ।कार्यक्रम के अंत में पम्पलेट वितरित किए गए और महिलाओं को यह सलाह दी गई कि किसी भी आपात स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों का तुरंत उपयोग करें। एस आई गौरव मालिक ने बताया कि यह अभियान महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और उनके स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से चलाया जा रहा है।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व युवतियों ने कार्यक्रम की सराहना की और इसे समय की आवश्यकता बताया ।स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता में वृद्धि होगी। वही पत्र महिलाओं के लिए वृद्धा पेंशन शौचालय के लिए थाना प्रभारी को संबंधित प्रार्थना पत्र भी लिखे गए ।इस मौके पर सोनू सैनी भाजपा मंडल महामंत्री किरतपुर ग्रामीण , पत्रकार सैनी,पत्रकार छत्रपाल सैनी,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल मंत्री निशार भाई, डॉ अर्जुन, भाकियू अ० ग्राम अध्यक्ष सौराज सैनी, डॉ अंकित सैनी, डॉ सचिन सैनी, धर्मवीर सैनी, अरविंद सैनी, मनोज सैनी, योगेंद्र सैनी, भूपेंद्र सैनी, मलखान सैनी, धर्म सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## पीयूष श्रीवास्तव ने विनय सिंह पर लगाया आरोप



**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी :-** हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीयूष श्रीवास्तव ने शिवपुर निवासी विनय सिंह पर लगाया आरोप ` पुलिस आयुक्त वाराणसी कमीशनरेट को प्रार्थना पत्र देने के बाद अधिवक्ता ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश को ताख पर रख दिया जबकि कानून सबके लिए बराबर है आज कानून के रखवाले ही न्याय दिलाने वाले अधिवक्ता को कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है अब अधिवक्ता जाए तो जाए कहां ` अधिवक्ता पीयूष श्रीवास्तव ने कहा की उच्च न्यायालय ने विनय सिंह को यह चेतावनी दी थी कि अगर वह पुलिस इन्वेस्टिगेशन के साथ छेड़खानी करते हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही हो सकती है उसके बावजूद भी अधिवक्ता पीयूष श्रीवास्तव ने विनय सिंह पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपने कई आदमी भेज कर मुझे डराया और धमकाया ` मेरे साथ-साथ योगेश कुमार को भी धमकी दी गई कि मुकदमा वापस ले लो नहीं तो अच्छा नहीं होगा ` इसके साथ-साथ अधिवक्ता ने यह भी कहा की मेरे परिवार को भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं ` पीयूष श्रीवास्तव अधिवक्ता ने पुलिस आयुक्त वाराणसी से कहा कि तत्काल धमकी देने वालों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अभिलंब कार्यवाही की जाए ` अगर न्याय दिलाने वाले अधिवक्ता के साथ ही न्याय नहीं होगा तो आम जनमानस को हम लोग कहां से न्याय दिलाएंगे।

## सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलकर महात्मा गांधी ने देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराया-आनंद गुर्जर

हापुड़ जनपद हापुड़ में सपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जीवन गाथा पर प्रकाश डाला गया! जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि आज हम दो महापुरुषों की जयंती मना रहे हैं महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के अगर बात करें महात्मा गांधी की तो उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराया! पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश की सर्वोच्च कुर्सी को सुशोभित करते हुए देश में श्वेत क्रांति से दुग्ध क्रांति का आव्हान किया। ओर दूध उत्पादन को बढ़ावा दे ए के साथ साथ हरित क्रांति का आव्हान किया तथा जय जवान जय किसान का नारा सार्थक किया ! आज विजयदशमी के पर्व पर सभी प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महापुरुषों के दिए गए मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया !

## बिहार का लाल मास्टर घनश्याम शर्मा ने पटियाला में जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में अंडर 17 और 83 किलो वजन कैटेगरी में स्वर्ण पदक लाकर किया नाम रौशन

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी :-** पंजाब के पटियाला शहर में जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें बिहार राज्य के नालंदा जनपद सरमेरा थाना क्षेत्र स्थित प्यारेपुर ग्राम के राजीव रंजन कुमार के पौत्र मास्टर घनश्याम शर्मा पुत्र संजीव कुमार शर्मा अंडर 17 वर्ष और 83 किलो वजन कैटेगरी में स्वर्ण पदक पाकर राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपनी जगह सुरक्षित किया। बताते चलें की घनश्याम शर्मा के दादा सेना नायब सूबेदार के पद से सेवानिवृत हैं और उनके पिताजी वर्तमान में सेना के एक वैमानिक इकाई में नायब सूबेदार के पद पर कार्यरत हैं ` घनश्याम शर्मा का लालन पालन भी लगभग अलग- अलग छावनी क्षेत्र में ही हुआ और वो वर्तमान में अपने पिताके साथ ही पटियाला के आर्मी पब्लिक स्कूल के कक्षा 11वीं में कॉमर्स की पढ़ाई कर रहे हैं ` घनश्याम बीते चार वर्षों से ही अपने शरीर को तपाने का कार्य आरम्भ कर दिए और अलग -अलग लोगों से और अपने दादा दादी, माता पिता से आशीर्वाद प्राप्त और बहन भाई से मिली उत्साह वर्धन से अपने कठिन अभ्यास के द्वारा पटियाला में हुए इस आयोजन में अंडर 17 वर्ष और 83 किलो वजन कैटेगरी में स्वर्ण पदक पाकर राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपनी जगह सुरक्षित किए हैं । मास्टर घनश्याम शर्मा ने बताया कि पावर लिफ्टिंग अभी शुरआती क्षण में है इसकी और तैयारी करूंगा साथ-साथ वेट लिफ्टिंग में सेना के सर्विसेज की तरफ से खेलने की इच्छा है जिसके लिए अपने पढ़ाई को सेना में अधिकारी वर्ग में चयन होने के लिए शुरू कर दिया हैं ` घनश्याम ने कहा की इस खेल में परिवार जन समेत आर्मी पब्लिक स्कूल के उनके क्लास टीचर, खेल के शिक्षक, मित्र मोहित, शौर्य, नाना नानी, मामा मामी, बहन दीपांजलि, सृष्टि, स्वीटी मुस्कान, अनुष्का, रोमी, नैंसी भाई सत्यम, सोनू, मोनू, राहुल, शिवम, जिगर और पड़ोसी हर्ष राजपुरोहित, ब्रजेश राय आदि ने खुशियां बाटी और ढेर सारा आशीर्वाद दिया।

## रामलीला में मंचन कर रहे कलाकारों को किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/छाता**। पुरानी तहसील स्थित मैदान में चल रही रामलीला में मंचन करने वाले सभी कलाकारों को दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर वर्तमान सभासद कंचन पांचाल द्वारा सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए गौरव शर्मा ने बताया सर्वप्रथम राम जी के स्वरूप को अंगवस्त्र पहनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिससे कलाकारों का हौसला बढ़ा। सभी मंचन करने वाले कलाकार पूरी मेहनत करके अपनी प्रतिभा को दिखा रहे है। हर्ष पांचाल ने बताया रामलीला को देखकर हमारे आने वाली पीढ़ी को संदेश मिलता है हमें सनातनी होने का भी गर्व होता है। गौरव अविरल शास्त्री, मोहनश्याम पांचाल, शुभम वार्ष्णेय, पवन सोनी, कृष्णा, तुलसी राम, राजू, मुकेश ठाकुर, यादराम आदि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छाता के सभी सदस्यों द्वारा बारी बारी से कलाकारों को सम्मानित किया गया ।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व गुदरी के लाल लाल बहादुर शास्त्री की जयंती आम आदमी मोर्चा समाजसेवी संगठन द्वारा मनाई गई



**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** आम आदमी मोर्चा द्वारा उत्तरी विधानसभा वाराणसी के अख्ता वार्ड के पाल बस्ती में दोनों महापुरुष महात्मा गांधी जी व गुदरी के लाल लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई ` तमाम वक्तागण ने दोनों महापुरुषों पर प्रकाश डाला व संकल्पित हुए उनके किए हुए कार्य व उनके मार्गदर्शन पर चलने के लिए कटिबद्ध हुए ` सर्वप्रथम मोर्चा के सदस्य ने दोनों महापुरुष के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किया ` राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन किया ` उक्त कार्यक्रम में आर ए राही, प्रो. अखिलेश पांडेय, डॉ आसिफ अहमद खान, डॉ सुभाष चंद्र वर्मा, सुनील सिंह, मंजू मुखर्जी, धर्मेंद्र तिवारी, पीयूष श्रीवास्तव, घनश्याम यादव, वेदी प्रसाद, श्रीकांत चौबे, संदीप पांडेय, यासीन खान, अनूप प्रताप, विक्रांत मोदनवाल, मेवा पाल, राम दुलारे पाल, केदार मौर्य, खाजू, ओम प्रकाश पाल, लवली सिंह, बबलू पाल, महेंद्र विश्वकर्मा, पुष्पा देवी, निखिल राय, छाया देवी, राधिका देवी, शिला देवी, पुष्पा देवी, शिल्पी गुप्ता व अन्य साथी उपस्थित रहे।

## मूर्तियों के विसर्जन के साथ ही दुर्गा महोत्सव का समापन

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** दुर्गा प्रतिमाओं की पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शोभायात्रा निकलने के साथ ही नगर के कपकोट और खांकर में दुर्गा पूजा महोत्सवों का समापन हो गया है। आयोजकों ने नगर भ्रमण के बाद मूर्तियों को पवित पावनी सरयू नदी में विसर्जित कर दिया। गुरुवार सुबह देवी पूजा कमेटी की ओर से आशीर्वाद भवन में देवी प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की गई। दोपहर में मूर्तियों की पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।इस दौरान महिलाओं और लोगों ने माता रानी की प्रतिमा पर भेंट और पुष्प अर्पित किए ।और माता रानी का आशीर्वाद मांगा। शोभायात्रा में बालिकाओं ने डांडिया किया। नगर भ्रमण के बाद मूर्तियों को मां के जयकारे के साथ विसर्जित कर दिया गया। इस दौरान कमेटी के मनोज जोशी, पवन परिहार, राजू उपाध्याय, हेम कांडपाल, गोविन्द साह, मोनी लटवाल, पुष्कर साह, अनिल टंगड़िया आदि मौजूद रहे। इधर, नुमाइशखेत के पीपल के पेड़ के पास नगर पूजा कमेटी की ओर से आयोजित महोत्सव में भी मां दुर्गा की प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाद में मूर्तियों को नगर के ब्रह्मकपाली के पास सरयू में विसर्जित कर दिया गया। वहां कमेटी के बृज किशोर वर्मा, किशन नेगी, मुकेश साह, नवीन लोहनी, उमेश साह, राजेंद्र कर्म्याल आदि मौजूद रहे। उधर, खांकर गांव में भी दुर्गा महोत्सव संपन्न हो गया। इसके अलावा केदारेश्वर मैदान हिचौड़ी कपकोट में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव मूर्तियों को सरयू में विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। वहां पंडित आनंद बल्लभ पांडे, मनोहर पांडे और ललित लोहनी ने मूर्तियों की पूजा कराई ।वही खरही मंडल से भी दुर्गा पूजा कमेटी की शोभायात्रा के बाद मूर्तियों को सरयू नदी में समाहित कर दिया गया।

## नवांगत अगौता थाना प्रभारी बने अतुल कुमार चौहान संभाला कार्यभार

**वेलकम इंडिया**




बुलंदशहर अगौता थाना प्रभारी बने अतुल कुमार चौहान जिन्होंने बुधवार देर शाम को संभाला कार्यभार अतुल कुमार चौहान गुलावठी थाने में अति रिक्त निरीक्षक के पद पर तैनात थे एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने अब अगौता थाने की नई जिम्मेदारी सौंपी है। अगौता थाना प्रभारी निरीक्षक यंग बहादुर सिंह को यहां से हटाकर रामघाट थाने की जिम्मेदारी दी गई है।

चार्ज संभालने के बाद अतुल कुमार चौहान ने अपराधियों को दिया पैगाम अपराधी अपराध छोड़े अथवा थाना क्षेत्र किसी भी कीमत पर गैर कानूनी कार्य नहीं होगा बर्दाश्त फरियादी अपनी फरियाद लेकर स्वयं मुझ से मिले पीड़ित फरियादी के लिए थाने के दरवाजे 24घंटे खुले हैं। थाना क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति गैर कानूनी कार्य कर रहा है तो उसकी सूचना थाने में दे सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# राजा भैया ने शस्त्र पूजन के बहाने रानी भानवी सिह को दिया जवाब

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

- आज पहली बार राजा भैया ने शस्त्र पुजन कर हथियारों का जखीरा दिखा अपनी पत्नी के आरोपो का मूकजवाब दिया।
- आज उसी क्रम में राजा भैया के बेंती महल में सैकड़ों की संख्या में शस्त्रों का पूजन किया गया।
- राजा भैया की बेटी ने मा की तरफ से राजा भैया के विरोध स्वय को खडा किया ।

**प्रतापगढ़** । कुडा से विधायक और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया का उनकी पत्नी रानी भानवी सिह का विवाद हर दिन गहराता जा रहा है । रानी भानवी सिह अक्सर राजा भैया पर आरोप लगा देती है ।जिसके जवाब मे राजा भैया को तो कभी बोलते नही देखा गया । लेकिन भानवी सिह को अक्सर राजा भैया के सबसे निकटस्थ गोपाल भैया या फिर राजा भैया के समर्थको के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से जवाब दिया जाता रहा है । जिसमे राजा भैया की तरफ से राजा भैया के पुत्रो ने अपनी मा भानवी सिह को कटघरे मे खडा करने का प्रयास किया तो राजा भैया की बेटी ने मा की तरफ से राजा भैया के विरोध स्वय को खडा किया ।लेकिन आज पहली बार राजा भैया ने शस्त्र पुजन कर हथियारों का जखीरा दिखा अपनी पत्नी के आरोपो का मूकजवाब दिया।हाल ही मे रानी भानवी सिह ने राजा भैया पर अवैध हथियार रखने के आरोप लगाए तो जवाब मे विजयादशमी के अवसर पर राजा भैया ने बडी सख्या मे शस्त्रो की पूजा की जिसे राजा भैया का रानी भानवी सिह को जवाब देना कहा जा रहा है । जिसका वीडियो राजा भैया समर्थको ने सोशल मीडिया पर अपलोड किया है।

राजा भैया और रानी के बीच का मन मुटाव अब कुडा के लोगो को परेशान कर रहा है।कुडा की जनता से जब ये बात पूछी गई तो उनका कहना था कि राजा भैया के परिवार की कुशलता और उन्नति की कामना हर कुंडा वासी समेत देश दुनिया में फैले राजा के समर्थक चाहते है और इस घरेलू विवाद का राजनीतीकरण होंने से वह आहत है। लेकिन वक्त है कि उन्हें ऐसे दिन दिखा रहा है जिसकी कल्पना भी किसी समर्थक ने नहीं किया था।

बेंती रियासत से आज पहली बार शस्त्र पूजन की ऐसी तस्वीरें निकल कर सामने आई है, वैसे शस्त्र पूजन तो हर वर्ष हुआ करता था लेकिन इस बार मामला जरा जबाब देने वाला बन गया था इसलिए खुले आसमान के नीचे यह कार्यक्रम किया गया।इस शस्त्र पूजन की औपचारिक घोषणा पहले ही कर दी गई थी। जब रियासत की रानी ने राजा भैया पर घातक और सामूहिक विनाश के हथियारों के राजा भैया के पास डंप होने का बात सोशल मीडिया पर साझा किया था। रानी भानवी सिंह की पोस्ट के जवाब में प्रतापगढ़ के एमएलसी गोपाल जी दशहरा पर शस्त्र पूजन की बात कहते हुए बोला था कि जिसे देखना दिखाना हो वह दशहरा को आकर देखे कि राजा भैया और उनके समर्थकों, नौकरों के पास खुद के कई जायज हथियार हैं तो उन्हें अवैध शस्त्र रखने की क्या आवश्यकता है। दशहरा पर शस्त्र पूजन के समय राजा भैया और समर्थकों के हथियारों को देख जा सकता है।

आज उसी क्रम में राजा भैया के बेंती महल में सैकड़ों की संख्या में शस्त्रों का पूजन किया गया।



# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं माननीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जंयती को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया

**मथुरा**। 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जंयती को पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने महात्मा गांधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने उद्बोधन में कहा कि देश के दोनों महापुरूषो जिसमें महात्मा गांधी जी ने हम सभी को सत्य एवं अंहिसा के रास्ते पर चलने का पाठ पढ़ाया, तो वही माननीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने शालीनता, सहनशीलता, पारदर्शिता के पथ पर चलना सिखाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी द्वारा स्वच्छता पर हमेशा बल दिया जाता रहा है, इसी के क्रम में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा पूरे देश में स्वचछता ही सेवा कार्यक्रम चलाकर देश में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के प्रति कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और



सत्याग्रह के बल पर भारत को स्वतंत्रता दिलाने में जो ऐतिहासिक योगदान दिया, वह पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका स्वदेशी, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। गांधी जी का जीवन हमें सिखाता है कि बड़े से बड़ा परिवर्तन भी शांति और सद्भाव के मार्ग से लाया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाते हुए अपने आस-पास प्रत्येक दिन सफाई करते हुए लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करे, यही महात्मा गांधी जी प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी शिक्षा के माध्यम से स्थायी स्वच्छता प्रक्रियाएं और सुविधाए अपनाने के लिए भी विभिन्न समुदायो के लोगों को प्रेरित क्रिया। स्वच्छता को जन आन्दोलन बनाकर लोगों को जोड़ने का कार्य किया गया। जिलाधिकारी ने माननीय पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी सादगी, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के प्रतीक थे। उनका नारा ूजय जवान, जय किसानू आज भी राष्ट्र को शक्ति और प्रेरणा प्रदान करता है। सीमित संसाधनों के बावजूद देश को मजबूत नेतृत्व देने वाले शास्त्री जी ने भारत की एकता और आत्मनिर्भरता को नई दिशा दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमा, डिप्टी कलेक्टर राज कुमार चौधरी, नरेंद्र यादव, राघुवेंद्र, आदेश कुमार, चंद्र भूषण प्रताप, संजय सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कांडा कालिका मंदिर में दशहरा मेले में उमड़ी मेलार्थियों की भीड़



वेलकम इंडिया

**कांडा,** प्रसिद्ध माँ कालिका मंदिर में आयोजित दशहरा मेले का रंगारंग समापन हो गया है।क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने मेले का शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि मेला हमारी संस्कृतिक को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं ।मंदिर में आयोजित होने वाला मेला `तीहासिक है। नई पीढ़ी को अपनी धरोहर को संवारने के लिए आगे आना होगा। इसके बाद स्कूली बच्चों ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम किए।मेलार्थियों ने जमकर खरीदारी भी की।

विजय दशमी पर्व पर सुबह कालिका मंदिर में पूजा अर्चना के साथ मेला शुरू हुआ ।विधायक गड़िया ने कहा कि यह मेला क्षेत्र का सबसे पुराना मेला है।इसमें भाग लेने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। इसके बाद सरस्वती शिशु मंदिर, राबाइंका, एबडेएल व कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। मेला कमेटी अध्यक्ष एड.गोविंद भंडारी ने मेले के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।कहा कि मेला हमारे क्षेत्र की प्रसिद्धि का प्रमुख केंद्र विंदु है जिसे हमारी पीढ़ी द्वारा सजोए रखा गया है। कार्यकम में शेर सिंह धपोला, जगन्नाथ चंदोला, रूप सिंह माजिला, व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, लाल सिंह कोरंगा, जिपं सदस्य गोपा धपोला,जिला पंचायत सदस्य हेमलता, हीरा सिंह कर्मयाल, सविता नगरकोटी, भगवान भंडारी, विनय कर्म्याल, निर्मल साह, राजू नगरकोटी आदि मौजूद रहे।

## हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी



**लखनऊ।** मिशन शक्ति फेस 5 के तहत महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में महिलाओं को 1090, 181, 1098, 1076, 1930, 101, 102, 108, 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया, साथ ही ४सूङ्कस्र ऐप और उएकफ पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा, सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाओं से संबंधित योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज



**कांधला।** कस्बे के टीचर कॉलोनी निवासी महिला ने थाने पर अपने पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के टीचर कॉलोनी निवासी डॉक्टर किरण पत्नी स्वर्गीय तेजपाल सिंह ने गुरुवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता का 21 वर्षीय पुत्र अनुचित संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। आरोप है कि काफी तलाश करने के बाद भी पीड़िता के पुत्र का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने पर तहरीर देकर अपने पुत्र की बरामदगी की की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही पीड़िता के लापता पुत्र को बरामद कर पीड़िता को सौंप दिया जाएगा।

# बारिश ने बिगाड़ा दशहरा किठौर में रावण का पुतला जलकर नहीं, गलकर ढह गया

वेलकम इंडिया

**मेरठ(जाकिर तुर्क)**विजयदशमी का पर्व हर साल की तरह इस बार भी किठौर में धूमधाम से मनाया गया, लेकिन अंतिम क्षण में अचानक हुई बरसात ने पूरे माहौल को फीका कर दिया। कस्बे के दशहरा मैदान में गुरुवार शाम हजारों की भीड़ रावण दहन देखने पहुंची थी। बच्चे हों या बुजुर्ग–सभी आतिशबाजी के बीच रावण को जलते देखने को उत्साहित थे ।करीब साढ़े चार बजे जैसे ही दहन की तैयारियां हुईं, अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। परिणामस्वरूप रावण का पुतला आग की लपटों में धधकने के बजाय धीरे-धीरे गलकर गिर पड़ा।इस दृश्य को देख मौजूद लोग मायूस हो गए और निराश होकर लौटने लगे ।कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा को लेकर सीओ किठौर प्रमोद कुमार व थाना प्रभारी बृजेश कुमार पांडे भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे ।दशहरा मेले का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता



अश्वनी त्यागी (माछरा) ने फीता काटकर किया। उन्होंने प्रभु श्रीराम का तिलक कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और रामलीला कमेटी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष अनिल गर्ग, महामंत्री यश गोयल, मूलचंद बंसल, नरेश गोयल, नवीन गोयल, संदीप वशिष्ठ, अखिल अग्रवाल सहित पूरी रामलीला कमेटी मौजूद रही।

## जिला स्तरीय जूनियर कबड्डी टीम चयन ट्रायल शनिवार को होगा आयोजित

**कांधला।** जनपद में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जूनियर कबड्डी टीम के चयन के लिए ट्रायल आयोजित किया जा रहा है।जिला अम्मोचोर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष चौहान ने जानकारी दी कि आगामी शनिवार सुबह 10 बजे क्षेत्र के गांव कनियान स्थित चौ. रतन पौड़िया खेल परिसर में यह ट्रायल संपन्न होगा ।उन्होंने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे जिनकी उम्र 20 वर्ष से कम (अर्थात 01-01-2006 के बाद जन्म) और वजन 75 किलोग्राम से कम होगा। खिलाड़ियों को अपनी शारीरिक क्षमता और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चयनकताओं के सामने अपनी दावेदारी पेश करनी होगी ।अध्यक्ष मनीष चौहान ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों से बनी जिला शामली की टीम 11 से 12 अक्तूबर 2025 तक जनपद एटा में आयोजित होने वाली जोन-ए राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

## बुराई पर हुई अच्छाई की जीत, दशहरा पर धूं धूं कर जला रावण



वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** नगर के रामलीला मैदान रावण बाड़े में विजयदशमी के पावन पर्व पर रावण दहन की लीला संपन्न हुई। श्री जनता आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गाजियाबाद के प्रमुख उद्यमी व व्यापारी नेता सोनू पाठक व नगरपालिका अध्यक्ष किशनपाल लोधी ने रावण दहन किया।इस अवसर पर मुख्यातिथि का रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नवीन बंसल पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता व संस्थापक रामहरि गोयल ने पगड़ी पहनाकर मुख्यातिथि व पालिकाध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी का भव्य स्वागत किया।स्वागत के पश्चात् मुख्य अतिथि और उनके साथ आये अतिथियों ने राम-रावण के युद्ध का आनंद लिया। इसके बाद भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध किये जाने के बाद व्यापारी नेता सोनू पाठक ने रावण के पुतले को आग लगाई।

## बुकलाना में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बुगरासी,** दो दिन पहले निकटवर्ती गांव बुकलाना में एक युवक का शव फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार करा दिया है। आरोप-प्रत्यारोप की शिकायत पर पुलिस कई एंगल पर जांच पडताल में जुटी है।

चौकी क्षेत्र के गांव बुकलाना में 24 वर्षीय केशव पुत्र सुभाष चौहान का शव घर की खुंटी पर चुनरी के फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार मंगलवार करीब 8 बजे केशव फांसी पर लटका हुआ था। आनन-फानन में उतारकर अस्पताल ले जाते समय युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पड़ौसी ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी, जबकि मृतक के परिजनों की तरफ से पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया गया है। चौकी पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मृतक युवक को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## परिक्रमा मार्ग पर प्रशासनिक अधिकारियों ने चलाया सफाई अभियान



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** गांधी जयंती पर स्वच्छता का संदेश देने के लिए प्रशासन और नगर पंचायत की ओर से गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर सफाई अभियान चलाया गया। गुरुवार को एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने परिक्रमा मार्ग पर स्वयं झाड़ू लगाकर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, इसमें निरंतरता होनी चाहिए। सीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि यदि स्थानीय लोग सफाई को लेकर जागरूक हों तो यह अभियान और भी सफल होगा। ईओ चैतन्य तिवारी ने कहा कि सफाई कर्मियों को जिम्मेदारी निभाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। नगर पंचायत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुरूप सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। नायब तहसीलदार मीनू राजपूत व सीपी यादव ने कहा कि हमें रोजाना स्वछता का ध्यान रखना चाहिए।

इस दौरान सीओ अनिल कुमार सिंह, तहसीलदार सुशील गुप्ता, ईओ चैतन्य तिवारी, चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा, साधुराम, मोहन श्याम, नानक शर्मा सहित अन्य लोगों ने परिक्रमा मार्ग पर सफाई कर इस अभियान में शामिल हुए।

# रामलीला मेला महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे एसपी

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी कस्बे के कैराना मार्ग स्थित रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला मेला महोत्सव में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने दशहरा महापर्व को देखते हुए मैदान का निरीक्षण कर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली ।एसपी सिंह ने इस दौरान पुलिस कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं, इसलिए सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस बल को अलर्ट मोड में रहकर हर संदिग्ध गतिविधि और व्यक्ति पर नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि



दशहरा पर्व पर भीड़ और बढ़ जाती है, ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण की रणनीति पहले से मजबूत की जाए ।निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी कैराना, थाना प्रभारी सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। अधिकारियों ने अग्निशमन दल और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से भी तैनाती संबंधी जानकारी ली ।गौरतलब है नगर में रामलीला मेला महोत्सव बीते कई दिनों से धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है। रात्रि में रामलीला मंचन देखने और मेले का आनंद लेने के लिए नगर सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस लगातार गश्त और निगरानी कर रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# पुलिस ने जाली करेंसी छापने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर थाना खुर्जा नगर पुलिस एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुबारिकपुर की ओर रजवाहे की पुलिया के पास से 02 अभियुक्तों को 1,50,000(एक लाख पचास हजार) रुपये व नकली नोट छापने के उपकरण व चोरी की मोटरसाइकिल यूपी-16 बीए -7088 सहित मुबीन पुत्र अल्ला मेहर निवासी सीकरा थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर अंकित पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम बिचौला थाना खुर्जा देहात को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं- 913/25 धारा 180/181/317(2) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में पंकज राय प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर राजेश कुमार प्रभारी मिशन शक्ति टीम थाना खुर्जा नगर उ0नि0 सौरभ कुमार यादव,उ0नि0 सुमित कुमार पाण्डेया, उ0नि0 आकाशदीप,म0उ0नि0 अंजू बघेल है0का0 जितेन्द्र कुमार,है0का0 रोबिन कुमार,का0 प्रवेश बैंसला,का0 श्यामू कुमार,म0का0 सरिता आदि शामिल रहे।



# सुनहरी छाँव द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं पुस्तक लोकार्पण 5 को

वेलकम इंडिया




नई दिल्ली, 2 अक्टूबर ।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था ₹ सुनहरी छाँव ट्रस्ट द्वारा 5 अक्तूबर को एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं पुस्तक विमोचन का आयोजन होने जा रहा है ।वरिष्ठ साहित्यकार,लेखिका, गजलकारा एवं सुनहरी छाँव की संस्थापिका डॉ सुमन मोहिनी सलोनी ने बताया कि गुरूग्राम स्थित रेल विहार सोसाइटी , सेक्टर-15, पार्ट- कक में होने वाले इस भव्य आयोजन की अध्यक्षता विश्व रिकॉर्ड धारक, अंतर्राष्ट्रीय लेखक, पत्रकार - विचारक डॉ शंभू पंवार करेंगे एवं मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती ओर विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार,लेखिका,कवयित्री डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा गीत, जनता न्यूज चैनल के डायरेक्टर,मीडिया पार्टनर देवेन झा, कलमकार डॉ रवि खुराना, एवं डॉ विक्रम गौड़ रसिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सुनहरी छाँव पब्लिकेशन हाउस द्वारा प्रकाशित प्रथम सांझा काव्य संग्रह ₹मयार्दा पुरूषोतम श्री रामर₹ का लोकार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के कोने- कोने से आने वाले ख्यातिनाम कवि,शायर जिसमें रचना शर्मा ,नंद त्यागी, सुनील कुमार यादव, गुस्ताख हिंदुस्तानी, जितेंद्र जीत, रितु रस्तोगी, डॉ महिंदर शर्मा ' मधुकर ', कुमार प्रभाष सिंह, सत्य मोहन सक्सेना, प्रवीण रंजन जौनपुरी, प्रवीण व्यास, गोल्डी गीतकार, सुभाष प्रतापगढ़ी, गुंजन अग्रवाल, प्रतिभा शर्मा, रमन जायसवाल, देवेश अवस्थी, कुमारी शिल्पा, शिवानी स्वामी, ज्योत्सना शायरा, डॉ राम सिंह हलचल, दयाराम खोरवाल, वीरेंद्र सिंह कौशल,योगेश ब्रजवासी, राही राज, प्रीति राज, कुमार विशु, हलचल हरियाणवी, आमीन अली शाहपुरी , सोनम शायरा, आशीष भदौरिया, आतिशी, राजेश प्रभाकर, सौरव यादव तथा विवेक तिवारी सहित अन्य कवि शिरकत करेंगे। आयोजन की सफलता के लिए बनाई टीम में उपाध्यक्ष ऋषि मौर्य, सचिव अभिषेक मिश्रा, उप सचिव भारत मौर्या, संगठन प्रभारी शिवम बर्मन एवं सैयद बदरूद्दुजा, मीडिया प्रभारी सुभाष श्रीवास्तव, सदस्यों में मधुलिका तिवारी और प्रभात पांडे आदि तैयारियों में लगे हुवे है। संस्थापिका डॉ सुमन मोहिनी ह्लसलोनीह्व ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिन्दी भाषा का अधिकाधिक संवर्धन करना है और नवोदित कलम कारों का सम्मान तथा मंच प्रदान करना है।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** महात्मा गांधी की 156वीं जयंती एवं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनायी गई।जिले के राजकीय भवनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कलेक्ट्रेट में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नारायण सिंह नबियाल ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस और स्वच्छता की शपथ दिलाई। अपर जिलाधिकारी ने दोनों महापुरुषों के जीवन और संघर्ष को प्रेरणा स्रोत बताते हुए कहा कि ह्लगांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में बिताए 21 वर्षों से लेकर स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाई। सत्य, अहिंसा, सहानुभूति और समानुभूति का भाव उन्होंने पूरे विश्व को दिखाया। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के ₹जय जवान, जय किसान₹ के नारे की भावना के साथ काम करें, जिससे जनता को समय पर लाभ मिल सके।कार्यक्रम मे वक्त कोषाधिकारी आकाश रघुवंशी एवं शिखा सुयाल ने भी गांधी और शास्त्री के जीवन व आदर्शों पर प्रकाश डाला। संचालन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी भगवत सिंह भौर्याल ने किया।

इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी क्षितिज वर्मा, आबकारी अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी, सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी के खिलाफ की गई कार्रवाई

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षकों ने मवैया क्रॉसिंग के पास छापेमारी कर देशी शराब की बड़ी खेप पकड़ी। इस दौरान 12 पेटी और 52 लूज टेट्रा पैक विंडीज ब्रांड की शराब बरामद हुई। जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ विभाग सख्त है।लखनऊ में आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। विभाग की टीमें लगातार अभियान चला रही हैं और आने वाले दिनों में भी यह कार्रवाई और तेज की जाएगी।

# संघ स्थापना शताब्दी वर्ष व विजया दशमी पर्व धूमधाम से हुआ सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**झांसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्थापना शताब्दी वर्ष उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विजयादशमी पर्व का आयोजन शिवाजीनगर स्थित सुभाष पार्क में गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता, संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार एवं श्री गुरुजी के चित्रों पर पुष्पार्पण और शस्त्र पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता झांसी महानगर सह कार्यवाह बृजेंद्र जी भाईसाहब ने अपने उद्बोधन में कहा कि 1925 में विजयादशमी के दिन स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। यह संगठन समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में सक्रिय योगदान देते हुए भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अग्रदूत बन चुका है ।उन्होंने कहा कि विजयादशमी पराक्रम और धर्म विजय का पर्व है, इसलिए इसे संघ के स्थापना दिवस के रूप में विशेष महत्व दिया जाता है। इस दिन स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के संकल्प को और दृढ़ करते हैं। बृजेंद्र जी भाईसाहब ने आगे पंच परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य ही संघ की शताब्दी यात्रा के मार्गदर्शक सूत्र हैं। इन मूल्यों के माध्यम से समाज में संतुलन, शक्ति और संस्कारों पर आधारित सशक्त राष्ट्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संघचालक बृजमोहन गौतम भाईसाहब ने की।इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सुरेश पुरोहित, जगदीश कटारे, पी. डी. गुप्ता, रामसेवक निरंजन, मुन्नालाल साहू और देवेंद्र सिंह समेत नगर के अनेक गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

# विजय पहारिया को विवेक ओबेरॉय द्वारा समाज सेवा के कार्यों के लिए अवार्ड देकर सम्मानित किया गया




वेलकम इंडिया

**झांसी!** वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर विजय पहारिया को बॉलीवुड सुपरस्टार एवं उद्योगपति विवेक ओबेरॉय द्वारा कृषि सेवा एवं समाज सेवा के कार्यों के लिए सर्वोत्तम सम्मान अवार्ड देकर किया गया सम्मानित । झांसी उत्तर प्रदेश से आए डॉक्टर विजय पहारिया पिछले करीब 25 सालों से कृषि सेवा के कार्यों में है, साथ ही साथ समाज में विभिन्न क्षेत्रों में सेवा करके अपना योगदान देते रहते हैं, यह सम्मान समारोह गौ आधारित प्रथम राष्ट्रीय समाचार पत्रिका गौ भारत भारती के द्वारा जुहू स्थित इस्कॉन मंदिर के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड सुपरस्टार एवं उद्योगपति विवेक ओबेरॉय ने शिरकत की एवं विश्व शांति दूत लोकेश मुनि महाराज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर विजय पहारिया राष्ट्रीय समाचार पत्र गौ भारत भारती में प्रमुख सलाहकार के रूप में पिछले 10 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, डॉक्टर विजय पहारिया ने बातचीत के दौरान बताया कि पिछले महीने की 5अगस्त को भी एक कार्यक्रम आयोजित किया।

# कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता, क्षमा करना शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है: संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया

**संत कबीर नगर।** गुरुवार को ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार आज भी हमारे लिए प्रासंगिक है।वे कोई कहते थे कि कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता। क्षमा करना शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है ।गांधी जी ने हमें सत्य, अहिंसा और सादगी का अमूल्य संदेश दिया। उन्होंने दिखाया कि बिना हिंसा और युद्ध के भी आजादी प्राप्त की जा सकती है। श्री द्विवेदी ने कहा कि उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चाई और ईमानदारी के मार्ग पर चलकर ही वास्तविक सफलता और सम्मान प्राप्त होता है।इस अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में गांधी जी के सिद्धांतों झ्र सत्य, अहिंसा, अनुशासन और परिश्रम झ्र को अपनाकर समाज और राष्ट्र की उन्नति में योगदान दे। वरिष्ठ शिक्षक इश्तियाक अंसारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हमें प्रेरणा देता है। उनका जय जवान जय किसान का नारा हमें देश की रक्षा और कृषि के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।इसके पूर्व विद्यालय के सभी शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित किया ।विद्यालय की छात्रा सैय्यदा खातून ने महात्मा गांधी के जीवन चरित्र पर सुंदर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कमरे आलम सिद्दीकी ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इस्तियाक, फसीयुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, ओजैर अहमद, हकीमुल्लाह, मोहम्मद परवेज अख्तर, सबीह अहमद,अखिलेश कुमारी, असादुल्लाह, हकीमुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।




# काली मेला देखने गये स्वर्णकार के घर लाखो के जेवरात एंव हजारो की नकदी चुरा ले गये चोर

**मथुरा/कोसीकलां।** मेला देखने गये परिवार सदस्यो के घर का अज्ञात चोरो ने धावा बोलकर घर मे रखी अलमारी से सोने के जेवरात एवं नकदी लेकर फरार हो गये। घटना का प्रार्थना पत्र पीडित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ थाना कोसीकलां दिया है। मुहल्ला रामनगर निवासी कमल सोनी अपने परिवार के साथ बीते बुधवार की देर रात्रि करीब एक बजे तोताराम मंदिर से निकलने वाले काली मेला को देखने के लिये। सुबह करीब पाच बजे आकर देखा तो घर की दरवाजा के ताला टूटा पडा हुआ था और घर मे रखी लोहे की अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। दृश्य को देख मकानस्वामी एंव अन्य के होश उड गये और उन्होने अलमारी मे रखे सोने के जेवरात एंव नकदी देखी तो गायब मिली। घर मे कोहराम मच गया और शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गये उन्होने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर आकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने चोरो के द्वारा दरवाजा तोडन मे प्रयोग होने वाले उपकरणो को भी मौके से बरामद किया है। घटना की जानकारी देते हुये पीडित मकानस्वामी देवकी ने बताया कि करीब नब्बे हजार रूप्ये नकद एंव करीब डेढ लाख रूप्ये जेवरातो चोरी हुयी है। कालौनी के लोगो ने बताया कि करीब चार दिन पूर्व रात्रि मे अनिल अग्रवाल सहित तीन के घरो पर भी चोरो के द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया

# भव्य माँ काली उत्सव, छप्पन भोग प्रसादी व नृत्य नाटिका ने बांधा समा, डॉ० संदीप रहे मुख्य चरण सेवक

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** नवरात्रि पर्व पर माँ काली के भव्य आयोजनों की छटा देखते ही बनी। जय माँ काली उत्सव समिति कृष्णा टॉकीज के पीछे, कैंट सदर बाजार में दूसरे वर्ष छप्पन भोग प्रसादी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य चरण सेवक समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी को पटका पहनाकर, माला व तिलक लगाकर सम्मानित किया गया।समिति के पदाधिकारियों में पंडित आलोक तिवारी, अध्यक्ष सैंकी कनौजिया, राजेश सक्सेना, प्रेम सोनकर, यश कनौजिया, अरविंद रैकवार, रोहित कुशवाहा, मानव कनौजिया, अभिषेक अग्रवाल काका, आर्यन अग्रवाल एवं अखंड अरोड़ा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। वहीं बांधव समिति (165 वर्षों से स्थापित) द्वारा कालीबाड़ी प्रांगण, सदर बाजार में महानवमी की पूजा धूमधाम से सम्पन्न हुई।प्रातः 9 बजे पूजा व पुष्पांजलि पुरोहित दिलीप राय ने सम्पन्न करवाई। दोपहर 1 बजे केला, कुम्हड़ा एवं गन्ने की बलि दी गई। सायं 7:30 बजे आरती व धूनुची नृत्य का आयोजन हुआ तथा रात 9 बजे कोलकाता से आए राहुल नृत्यांगन ग्रुप ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर रचित नृत्य नाटिका ह्लशाप मोचनह्व का शानदार मंचन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।इस दौरान समिति के अध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी, महासचिव अजीत कुमार राय, पूजा सचिव अरुणेश मोइत्रा, सांस्कृतिक सचिव रवि शंकर चटर्जी सहित निलय कुमार बोस (जिला मंत्री, विश्व हिन्दू परिषद), प्रदीप तरफदार, शिव शंकर चटर्जी, प्रभात तरफदार, बादल मुखर्जी, केशव घोष, अंशुमान चटर्जी आदि मौजूद रहे। आयोजनों में मुख्य चरण सेवक समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन समाज में आपसी एकता और श्रद्धा का भाव जगाने का कार्य करते हैं। परंपराओं का संरक्षण ही हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है। इस अवसर पर संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, रामवतार राय, सुशांत गुप्ता, वसंत गुप्ता, राजू सेन अहिरवार महेंद्र रैकवार आदि उपस्थित रहे।

# भगवान श्री राम ने किया रावण का वध,धू धू कर जल उठे बुराई के प्रतीक, साथ में जले मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले

वेलकम इंडिया



शिकारपुर।राम और रावण के बीच भड़क उठी थी रण ज्वाला, रहा ना उसके कुल में कोई पानी तक देने वाला, एक शोला सा उठा कुछ लपटे उठी धमाके हुए और महा ज्ञानी प्रखंड विद्वान दशानन का अंत हो गया। चहुओर जय श्री राम के जयकारे। रामलीला मैदान में अपार भीड़। भगवान श्री राम और रावण का रोमांचक युद्ध।जैसे श्री राम युद्ध में रावण को हराते तभी जय श्री राम के जयकारे गूज उठते मेले में नगर की बड़ी संख्या में नागरिकों के साथ ग्रामीण आचल के लोग दोपहर से ही ट्रैक्टर से मेला मैदान पहुंचना प्रारंभ हो गया था।मेले में लगी चाट पकौड़ी गुब्बारे खेल खिलौने आदि की दुकानों पर लोगों ने खरीदारी की । वीरवार को इलाके में विजयदशमी का पारंपरिक पूजन कर लोगों ने दशहरा पूजा घर-घर गोबर के कुरले बनाकर पूजन किया गया वहीं बहनों ने जोर से उगाई नौरते भाइयों के कानों पर लगा उनकी दीर्घायु की कामना की, तो भाइयों ने बहनों को समर्थ अनुसार उपहार भेंट किया।दशहरा पर किसानों ने हाल फावड़ा व्यापारी ने वही खाता ब्राह्मण ने पोती फरसा वे त्यागी जाट गुर्जर आदि व क्षत्रियों ने शास्त्र रखकर परिक्रमा करते हुए हाथों में कुलिया खेल बताशे रख धूमधाम से दशहरा पूजन किया।रामलीला मैदान में श्री राम सेवा समिति की और से वृंदावन के कलाकारों द्वारा श्रीराम और रावण युद्ध की लीला का मंचन किया गया युद्ध के दौरान भगवान श्री राम ने रावण का वध होते ही भगवान श्री राम के जय हो से वातावरण गूंज उठा।परंपरागत ढंग से मेघनाथ कुंभकरण और रावण के पुतले दहन किए गए।धूं-धूं कर चलते पुतले के साथ रावण का अहंकार अग्नि स्वाहा और बुराई पर अच्छाई की जीत हुई।यह दृश्य देख श्रद्धालु खुशी से झूम उठे। रामलीला देखने के लिए रामलीला मैदान में क्षेत्र वासियों को भारी जन सैलाब रावण दहन के बाद लोगों की भीड़ के चलते नगर में सभी मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई। विजयदशमी को लेकर बाजार में काफी चहल पहल रही।सामानों को खरीदने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहा खासकर मिठाइयों की दुकानों पर ग्राहकों की काफी भीड़ लगी हुई थी।

# मोदी कॉलेज में गांधी जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया, निकाली रैली


वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी कॉलेज में गांधी जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छात्रो रैली निकाली। डॉ के एन? मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में प्रधानाचार्य डा सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 156 वीं जयंती और भारत के पूर्व राष्ट्रपति लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती का समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया ।प्रातः एनसीसी कैडेट्स स्काउट और अन्य छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली जो विद्यालय से प्रारंभ होकर बस अड्डा गुरुद्वारा रोड आदर्श नगर से होते हुए विद्यालय पर समाप्त हुई। रैली को सफल बनाने में एनसीसी अधिकारी राजीव जांगिड़, खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह, अनिल यादव ,डॉ एके जैन डॉक्टर योगेंद्र कुमार, धर्मवीर सिंह वीरेंद्र कुमार का सहयोग प्रशंसनीय रहा ।विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा एनसीसी परेड का निरीक्षण करने के बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एनसीसी के कैडेट्स, स्काउट ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। मंच का संचालन शरद वाजपेई ने किया ।प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी ने सत्य व अहिंसा का मार्ग अपनाते हुए भारत को स्वतंत्रता दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह और डॉक्टर संजय कुमार ने भी अपने विचारों से गांधी जी के जीवन दर्शन को समझाया ।कक्षा 12 के छात्र अक्षित शर्मा ने भी गांधी जी के ऊपर अपने विचार व्यक्त किये। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी को इस राष्ट्रीय पर्व और विजयदशमी के पर्व पर शुभकामनाएं दी और सभी के स्वस्थ और उन्नत जीवन की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। अंत में सभी छात्रों शिक्षक व शिक्षिकाओं को मिष्ठान वितरित किया गया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर मोदीनगर स्थित गांधी ग्राउंड (हापुड़ रोड) पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मोदीनगर की विधायक डॉ. मंजू शिवाच एवं नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली ने सबसे पहले ₹सेवा पखवाड़ा₹ के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया। सफाई कार्य सम्पन्न होने के बाद गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। जनप्रतिनिधियों ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश तथा शास्त्री जी के ₹जय जवान, जय किसान₹ के नारे को भारत की आत्मा बताया और कहा कि इनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है ।इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से दिनेश सिंघल (पूर्व जिलाध्यक्ष), सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश चौधरी, अर्जुन नेहरा, सूबे सिंह, जितेंद्र चौधरी, बलराज सिंह, आदित्य बॉबी, रजनीश चौधरी, किशन राज, प्रदीप शर्मा, नीटू चौधरी, धर्मवीर मास्टर, सुबे सिंह, अमरीश (एस एफ आई), दिनेश एस एफ आई), देवेन्द्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी, विजय वाल्मीकि, नवीन जायसवाल, स्वदेश जैन, अमित चौधरी, पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण आदि लोग मौजूद रहे।

# 8वीं वाहिनी आपदा मोचन बल में विजयादशमी पर्व का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 2 अक्तूबर 2025 को गोविंदपुरम स्थित 8वीं वाहिनी आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) परिसर में विजयादशमी पर्व अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति भी बना। पूरे नवरात्रि काल में वाहिनी परिसर में माँ दुर्गा के विविध स्वरूपों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। प्रत्येक दिन माँ के एक-एक रूप की आराधना ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और सामूहिक श्रद्धा से अनुप्राणित किया। श्रद्धालुओं और वाहिनी परिवारों की उपस्थिति ने इस धार्मिक अनुष्ठान को और भव्य बना दिया। महानवमी के दिन विशेष पूजा के पश्चात वैदिक विधि से हवन सम्पन्न हुआ। इसमें वाहिनी के अधिकारी, बचावकर्मी तथा उनके परिवारजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसके बाद परंपरा अनुसार शस्त्र पूजन किया गया। हर शस्त्र को नमन करते हुए बचावकर्मियों ने अपने कर्तव्य, साहस और समर्पण को पुनः स्मरण किया और राष्ट्र सेवा का संकल्प दोहराया। इस आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि श्री प्रवीण कुमार तिवारी, उप महानिरीक्षक, तथा डॉ. अनुपमा गौतम, नावा अध्यक्षा, विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनके नेतृत्व में माँ दुर्गा की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन सम्पन्न हुआ, जिसमें वाहिनी परिवारों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी भावनात्मक सहभागिता निभाई। अपने प्रेरणादायक संबोधन में तिवारी ने कहा कि जब हम देश और विदेश में जीवन की रक्षा हेतु चुनौतीपूर्ण बचाव अभियानों पर निकलते हैं, तब माँ दुर्गा की कृपा ही हमें सुरक्षित लौटने की शक्ति देती है।

# 13 यू पी वाहिनी एन सी सी की तत्वाधान में विशेष संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** पंचशील बालक इंटर कॉलेज नोएडा में 13 यू पी वाहिनी एन सी सी गाज़ियाबाद के तत्वाधान मे चल रहे विशेष संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -134,जो बृहस्पतिवार 1 अक्टूबर 2025 से आरंभ होकर 12 अक्तूबर 2025 तक चलेगा , में कैंप के ओपनिंग एड्रेस के अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल अमित भटनागर ने एन सी सी कैडेट्स को संबोधित करते हुए एन सी सी के ध्येय एकता और अनुशासन का पालन कर एन सी सी के उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया ।कैंप कमांडेंट ने अपने संबोधन में कैडेट्स को शिविर के दौरान सिखलाए जाने वाले प्रशिक्षण का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि इस संयुक्त वार्षिक शिविर के दौरान कैडिटस को हथियार प्रशिक्षण ,मानचित्र प्रशिक्षण, योग, हाइजीन एंड सैनिटेशन, शिविर स्थापना, साहसिक कार्य, शारीरिक प्रशिक्षण, खेल कूद प्रतियोगिता, ड्रिल, फायर कंट्रोल ऑर्डर, जजिंग डिस्टेंस, फायर फाइटिंग आदि का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कैडेट्स को एन डी आर एफ के प्रशिक्षण के साथ साथ आगामी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। ओपनिंग एड्रेस के उपरांत गांधी जयंती के अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर मुन्नी पंकज के निर्देशन एवं मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर और सीनियर जीसीआइ शालिनी के नेतृत्व में पौधारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया ।शाम के समय कैडेट्स के मध्य पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया ।ओपनिंग एड्रेस के अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट मुन्नी पंकज,सुबेदार मेजर राजेश सिंह,सूबेदार मेजर हवा सिंह, कैंप एडजुडेन्ट सुरभि त्यागी, एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, सीनियर जी सी आइ शालिनी, निशा सिंह ,लक्ष्मी यादव, ऑफि सर मोनिका, रूपाली भारद्वाज, पूनम, नायब सूबेदार यशपाल सिंह ,बीएच एम ओमपाल सिंह,सीएचएम नील कमल, कैशव,सीटीओ धानिया, ए० 542 एन सी सी कैडेट (जिनमें 368 गर्ल्स कैडेट एवं 174 बोयज कैडेट) उपस्थित रहे।

# डीएम स्मिता लाल ने बुजुर्गों संग बिताया खास दिन



वेलकम इंडिया

**बागपत।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर संजरपुर कैडवा स्थित समाज कल्याण विभाग के आवासीय वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी स्मिता लाल स्वयं उपस्थित हुईं और बुजुर्गों संग समय बिताकर उनका उत्साह बढ़ाया।

डीएम स्मिता लाल ने बुजुर्गों के साथ बैठकर सामूहिक भोजन किया और उन्हें उपयोगी वस्तुएं भेंट कीं। उन्होंने बुजुर्गों के साथ लूडो और कैरम जैसे खेलों में भी भाग लिया, जिससे वातावरण खुशनुमा हो गया और कई बार भावुक पल भी आए। बुजुर्गों ने डीएम के साथ संवाद कर अपने अनुभव साझा किए, तो उनकी आंखें नम हो उठीं। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वृद्धाश्रम में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। डॉक्टरों ने बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराईं। इस पहल ने बुजुर्गों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में डीएम स्मिता लाल ने कहा कि वृद्ध समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से समाज को दिशा मिलती है। उनका सम्मान और देखभाल करना हर नागरिक का कर्तव्य है। हमें उनकी इच्छाओं और भावनाओं का पूरा ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बुजुर्गों के साथ संवाद, समय बिताना और उनकी समस्याओं का समाधान करना केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि समाज के प्रति सम्मान और सेवा भाव का प्रतीक है। डीएम के साथ बुजुर्गों ने खेलों का आनंद लिया और अपने जीवन अनुभव साझा किए। कई बुजुर्ग भावुक हो उठे, वहीं कुछ हंसी-मजाक के माध्यम से माहौल को हल्का और आनंदमय बनाया। डीएम स्मिता लाल का यह कार्यक्रम बुजुर्गों के लिए अत्यंत यादगार बन गया।

# शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती मनाई गई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के तत्वावधान में शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन की अध्यक्षता में गांधीजी व शास्त्री जी की जयंती शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर मनाई गई। अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री सादगी और ईमानदारी के प्रतीक स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर मनाई गई ।इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने अपने संबोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुनील शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष चांद वीर चौधरी ,भिखारी लाल कश्यप ,विशाल कौशिक ,पवन कोरी ,जहूर खान, अवनी शर्मा, कपिल कुमार, देव जाटव, अर्पित ,सुशील पासी ,अरविंद कुमार ,सत्येंद्र कुमार ,सतपाल एवं हरिओम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा स्थल पर चलाया सफाई अभियान



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** मातृभूमि सेवा संघ ने भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर शास्त्री जी के प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई अभियान चलाया। तत्पश्चात उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संघ के वक्ताओं ने शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन, उनकी अद्भुत ईमानदारी और उनके अमर नारे ‖जय जवान, जय किसान‖ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी हम सबके लिए प्रेरणा-स्त्रोत है ।इसके उपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उनके सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को याद किया गया। संघ ने संकल्प लिया कि गांधी जी और शास्त्री जी के आदर्शों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाया जाएगा। इस अवसर पर संघ विकास भारतीय, आशुतोष सक्सेना, नीरज शर्मा, मोहित सोनी, तेजा सिंह, पवन चौधरी, राजीव सैन, विक्रम सिंह, अविनाश झा, योगेश कुमार, डॉ. राहुल एवं आलोक ठाकुर उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) परिसर में गुरुवार (2 अक्टूबर) को एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अवसर था राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती और भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती का। दोनों महापुरुषों की स्मृति में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्राधिकरण के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन करने के साथ हुई। पूरे परिसर में श्रद्धा और राष्ट्रप्रेम का वातावरण व्याप्त हो गया।

# शस्त्र पूजन एवं विजयादशमी समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** विजयदशमी के पावन त्यौहार पर अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासभा मोदीनगर द्वारा शस्त्र पूजन एवं विजयदशमी समारोह का आयोजन किया गया ।महाराणा प्रताप भवन देवेंद्र पुरी में अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासभा मोदीनगर द्वारा शस्त्र पूजन एवं विजयदशमी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ राजकुमार सांगवान विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली पूर्व पालिका अध्यक्ष राम आश्रय शर्मा महासभा के अध्यक्ष समय सिंह सिसोदिया आदि ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके बाद विजयदशमी के पर्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महिपाल सिंह यशपाल सिंह देवेंद्र सिसोदिया वीरपाल राघव संदीप भारद्वाज अलंकार चौहान जितेंद्र मोहन पुंडीर आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जीडीए अधिकारियों ने बापू और लाल बहादुर शास्त्री को किया गया याद

वेलकम इंडिया



इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद दिनांक 2 अक्टूबर 2025 को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण परिसर में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 156वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 121वीं जयंती के पावन अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। सभा में उनके जीवन, आदर्शों एवं योगदान पर प्रकाश डाला गया। महात्मा गांधी जी, जिन्होंने सत्य, अहिंसा और आत्मबल के माध्यम से देश को स्वतंत्रता दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया, आज भी विश्वभर में शांति और नैतिकता के प्रतीक बने हुए हैं। एवम श्री लाल बहादुर शास्त्री जी, जिन्होंने ₹जय जवान, जय किसान₹ का अमर उद्घोष देकर देश के किसानों और सैनिकों का सम्मान बढ़ाया, उनके सादगीपूर्ण जीवन और नेतृत्व को सदा स्मरण किया जाएगा। इस दौरान उनके जीवन आदर्श से प्रेरणा लिए जाने पर जोर दिया गया। कार्यालय के प्रमुख अधिकारियों के द्वारा अपने संबोधन में कहा कि ₹आज का दिन हमें सत्य, अहिंसा, ईमानदारी और सेवा भावना के उन मूल्यों की याद दिलाता है जिन पर इन दोनों महापुरुषों का सम्पूर्ण जीवन आधारित था। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।₹ कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# गंदगी रूपी राक्षस का अंत करने के लिए जरूरी है कचरा पृथक्करण

## महापौर और नगर आयुक्त ने किया सफाई मित्रों का सम्मान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 156वीं जयंती और विजयादशमी (दशहरा) के अवसर पर गुरुवार को गाजियाबाद नगर निगम ने नगर मुख्यालय सहित पूरे शहर में स्वच्छता को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने ध्वजारोहण कर शहरवासियों को गांधी जयंती और दशहरे की शुभकामनाएं दीं तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। निगम अधिकारियों, पार्षदों और मौजूद नागरिकों ने राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। लोहिया नगर स्थित गांधी पार्क में आयोजित विशेष कार्यक्रम में 156 घंटे के सफाई अभियान का समापन हुआ। इस दौरान महापौर और नगर आयुक्त ने गांधी और शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर



नमन किया। कार्यक्रम में सफाई मित्रों और रैग पिकर्स (कचरा बीनने वालों) को सम्मानित किया गया तथा उन्हें पीपीई किट वितरित की गई। सफाई मित्रों के साथ मिलकर सेल्फी लेकर उन्हें सम्मान और आत्मीयता का संदेश दिया गया। महापौर ने इस मौके पर कहा कि शहर की स्वच्छता में सफाई मित्रों की भूमिका सबसे अहम है और उन्हें 'स्वच्छता योद्धाज के रूप में सम्मान दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि गंदगी रूपी राक्षस का अंत करने के लिए कचरा पृथक्करण सबसे बड़ा प्रहार है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने गांधी जयंती के उपलक्ष्य में 156 घंटे का 'महासफाई अभियानज चलाया, जिसके अंतर्गत शहर के सभी पांच जोनों में सफाई कार्य हुआ और अस्थाई कूड़ा घरों को समाप्त किया गया। नगर आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि हर घर में गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शहर को साफ-सुथरा और स्वस्थ बनाया जा सके। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि गांधी जी का सपना स्वच्छ भारत था और इसे साकार करने के लिए नगर निगम अकेले नहीं, बल्कि हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने दशहरे और गांधी जयंती की बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार बुराई पर अच्छाई की विजय होती है, उसी प्रकार हमें गंदगी पर स्वच्छता की विजय प्राप्त करनी होगी। निगम मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर ने अधिकारियों, पार्षदों और नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान पार्षदों और निगम अधिकारियों ने महापौर सुनीता दयाल को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे जिन्होंने स्वच्छता अभियान में सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सफाई मित्रों को स्वच्छता का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उनके प्रयासों को सराहा गया।

## मंडलीय कार्यालय में पुष्पांजलि व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं तथा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को डाक विभाग के मंडलीय कार्यालय में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रवर अधीक्षक डाकघर श्री विशाल कुमार पाठक ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि श्रद्धांजलि अर्पण के साथ-साथ कर्मचारियों के स्वास्थ्य की देखभाल पर भी ध्यान दिया गया। यशोदा अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का चिकित्सा परीक्षण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और अधिकारियों ने कहा कि गांधी जी का सत्य और अहिंसा का संदेश तथा शास्त्री जी का जय जवान, जय किसान का उद्घोष आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनका सादगीपूर्ण जीवन हमें ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव का पाठ पढ़ाता है। कार्यक्रम में सहायक अधीक्षक श्री कौशल सिंह, पंडित अशोक भारतीय, संदीप त्यागी, रसम, मनोज कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महान विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने जिस स्वच्छता और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया था, उसी के अनुरूप हमें स्वास्थ्य और सेवा की दिशा में कार्य करना चाहिए।

## सोशल मीडिया और फर्जी ट्रेडिंग से लाखों की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सोशल मीडिया और ऑनलाइन निवेश प्लेटफार्म का उपयोग कर साइबर ठगी के मामले गाजियाबाद में तेजी से बढ़ रहे हैं। पुलिस के अनुसार अपराधी हाई प्रोफाइल या सोशल मीडिया पर ज्यादा सक्रिय लोगों को खोजकर युवती का किरदार निभाते हैं और दोस्ती के जाल में फंसाकर उन्हें शेयर ट्रेडिंग और फॉरेक्स ट्रेडिंग जैसी फर्जी योजनाओं में निवेश करने के लिए प्रेरित करते हैं। कुछ दिन बातचीत के बाद अपराधी पीड़ित को झांसे में लेकर फर्जी एप और खातों के माध्यम से लाखों रुपये ठग लेते हैं। जब पीड़ित समझ पाता है, तो दोस्त बनी युवती गायब हो जाती है या जवाब देना बंद कर देती है।

साइबर क्राइम थाना में पिछले वर्ष जनवरी के बाद दर्ज मामलों के अनुसार पीड़ितों ने अब तक 100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम खोई है। इनमें से लगभग 50 प्रतिशत मामले युवती के प्रेमजाल के माध्यम से हुए हैं। पटेल नगर के एक कारोबारी ने डेटिंग वेबसाइट फ्लर्टु पर 'कियारा सिंह' नामक युवती से दोस्ती की। युवती ने उन्हें बताया कि वह मुंबई के कोलाबा में फैशन डिजाइनर है और फॉरेक्स ट्रेडिंग में पांच साल से निवेश करती है। प्रारंभिक निवेश पर मुनाफा दिखाकर पीड़ित ने 24 बार विभिन्न बैंक खातों में कुल 1.11 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। एक अन्य मामले में फेसबुक पर दोस्त बनी युवती ने एक पीड़ित को प्रेमजाल में फंसा कर फर्जी एप के माध्यम से सवा करोड़ रुपये की ठगी की। पुलिस की जांच में लगभग एक हजार पेज की चैट मिली, जिसमें युवती ने पहले प्रेमजाल में फंसाया और फिर निवेश के लिए तैयार किया। साइबर क्राइम थाना के आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2024 से 15 अगस्त 2025 तक 541 मामले दर्ज किए गए। इसमें शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड के 283 मामले शामिल हैं, जिसमें 99.87 करोड़ रुपये की ठगी हुई। टेलीग्राम टास्क फ्रॉड के 117 मामलों में 18.49 करोड़ रुपये ठगे गए। डिजिटल अरेस्ट के 35 मामलों में 7.50 करोड़ रुपये की रिकवरी हुई। इस दौरान पुलिस ने 135 आरोपितों को गिरफ्तार किया और 47 मामलों में चार्जशीट दाखिल की, जबकि 35 करोड़ रुपये पीड़ितों को वापस कराए जा चुके हैं। एडीसीपी क्राइम पीयूष कुमार सिंह ने नागरिकों को चेताया कि समय रहते सावधानी अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

## विजयादशमी पर गूंजा संघ का शौर्यगान, 5000 स्वयंसेवकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष का विजयादशमी उत्सव महानगर में गुरुवार को विशेष रूप से ऐतिहासिक बना। नगर की विभिन्न बस्तियों में लगभग 60 स्थानों पर भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लगभग 5000 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने अनुशासन और उत्साह के साथ भाग लिया। पथ संचलन केवल स्वयंसेवकों का प्रदर्शन भर नहीं रहा, बल्कि इसमें समाज के विविध वर्गों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। बड़ी संख्या में नागरिक, व्यापारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और युवजन पथ संचलन




को देखने और उसमें जुडे पहुंचे। पूरे शहर का वातावरण राष्ट्रगान, घोष और वंदनाओं से गुंजायमान रहा। विजयादशमी उत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न सभाओं में वक्ताओं ने स्वयंसेवकों का आह्वान किया कि वे संघ द्वारा प्रतिपादित पंच परिवर्तन के विषयों पर गंभीरता से कार्य करें। यह पंच परिवर्तन समाज और राष्ट्र की प्रगति की दिशा में एक ठोस आधार है, जिसमें व्यक्तिगत आचरण, परिवार, समाज, संस्कृति और राष्ट्र के समग्र उत्थान पर बल दिया गया है।

## त्योहार के मद्देनजर जनता की सुरक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, पुलिस कर्मचारियों को दिए कड़े निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** त्योहारों के दृष्टिगत धवल जायसवाल, पुलिस उपायुक्त नगर जोन ने गुरुवार को रामलीला ग्राउंड, कविनगर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़े और स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए, ताकि स्थानीय नागरिक और वहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा या खतरे का सामना न करना पड़े। धवल जायसवाल ने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या सुरक्षा व्यवस्था में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि भीड़ प्रबंधन, एंट्री और एग्जिट पॉइंट, फ्लो मैनेजमेंट और



आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तत्पर रहें। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों से कहा कि जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार के साथ-साथ कड़ी निगरानी बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित करें। धवल जायसवाल ने अपनी टीम को चेतावनी देते हुए कहा कि सुरक्षा के प्रति कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यह सीधे उनकी जिम्मेदारी है कि हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे। पुलिस उपायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों के साथ सुरक्षा उपकरण, कम्युनिकेशन चैनल और इमरजेंसी रेस्पॉन्स प्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और पर्याप्त संख्या में पुलिस तैनाती के माध्यम से किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटना संभव है।

## किसान तिरंगा यात्राः राकेश टिकैत ने सरकार पर कसा शिकंजा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** यूपी गेट बॉर्डर पर आयोजित किसान तिरंगा यात्रा में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों की समस्याओं और सरकार की नीतियों पर तीखी टिप्पणियाँ की। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मेहनत से फसल उगाता है, लेकिन उचित मूल्य नहीं मिलता और यही फसल दिल्ली काट रही है। राकेश टिकैत ने वर्ष 2018 की घटना का स्मरण करते हुए कहा कि दो अक्टूबर को हरिद्वार से राजघाट दिल्ली जाते समय किसानों को किसान क्रांति गेट के पास ही रोक दिया गया था। तब से हर वर्ष किसान यात्रा का आयोजन इसी स्मृति में किया जाता है। उन्होंने कहा कि आंदोलन



जरूरी हैं और इसे रोकना संभव नहीं, क्योंकि जैसे तूफान में पानी की जहाज आगे बढ़ती है, वैसे ही किसानों का संघर्ष लगातार जारी रहना चाहिए। टिकैत ने पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ की तबाही का उदाहरण देते हुए कहा कि किसानों को भारी नुकसान हुआ है और उसकी पूर्ति सरकार को करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस समय पंजाब में उर्वरक और बीज की सबसे अधिक आवश्यकता है और इसे सरकार तुरंत उपलब्ध कराए। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि चाहे फसल बीमा की बात हो, एमएसपी की समस्या हो या खाद-बीज की आपूर्ति का मामला, सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही। राकेश टिकैत ने कहा कि किसान आंदोलन में अब तक 750 किसान शहीद हो चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर अफसोस तक व्यक्त नहीं किया। उनका कहना था कि यह संघर्ष जारी रहेगा और पूरे देश में मीटिंग और जागरूकता कार्यक्रम लगातार हो रहे हैं। बिहार चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि अगर चुनाव में बेईमानी होगी तो बीजेपी गठबंधन जीत जाएगा, लेकिन ईमानदारी से चुनाव कराए गए तो विपक्ष को सफलता मिलेगी।

## साहिबाबाद में दर्दनाक हादसाः कार की चपेट में आने से छह साल के बच्चे की मौत

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के शक्तिखंड-चार में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें छह साल के बच्चे की कार की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग गुस्साए और थाने पहुंचकर हंगामा करने लगे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोगों को समझाकर शांत किया और घटना में प्रयुक्त कार को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। मृतक बच्चे के पिता की तरफ से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मूलरूप से बिहार के बेगूसराय जिले के अख्तियारपुर टोला बलिया के रहने वाले कांग्रेस यादव और उनका परिवार साहिबाबाद के चर्च के पास झुग्गी में रहते हैं तथा मजदूरी करते हैं। उनका छह साल का इकलौता बेटा युवराज गुरुवार दोपहर चर्च के सामने खेल रहा था, तभी वह अचानक एक कार की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने कार चालक को मौके पर रोक लिया और थाने पहुंचकर अपने गुस्से का इजहार किया।

### मिशन शक्ति अभियान 5.0

## थाना मुरादनगर क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम, पिंक बूथ और एंटी रोमियो स्क्वाड ने किया गंगनहर पर भ्रमण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ग्रामीण जोन कमिश्नरेट के अंतर्गत पुलिस आयुक्त के निदेर्शानुसार मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत थाना मुरादनगर क्षेत्र में गुरुवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम, पिंक बूथ और एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने गंगनहर का भ्रमण कर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा और महिला सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को बैड टच जैसी अपराधिक घटनाओं से बचाव के उपाय विस्तारपूर्वक समझाए गए। उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की असुविधा, अपराध या असुरक्षा महसूस होने



पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181 और 1930 पर संपर्क किया जा सकता है। जागरूकता बढ़ाने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें महिलाओं और बालिकाओं के लिए आवश्यक निर्देश और सुरक्षा टिप्स शामिल थे। इसके अलावा मिशन शक्ति टीम ने सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याण और लाभकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की, जिससे महिलाएं अपने अधिकारों और सरकारी सुविधाओं के प्रति पूरी तरह अवगत हो सकें। इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है। जिला पुलिस ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मिशन शक्ति टीम, पिंक बूथ और एंटी रोमियो स्क्वाड की तत्परता और सक्रियता की सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पुलिस की प्राथमिकता में शामिल हैं और ऐसे अभियान लगातार आयोजित किए जाएंगे ताकि हर महिला और बालिका सुरक्षित और जागरूक महसूस कर सके। मिशन शक्ति अभियान के इस कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं की उत्सुक भागीदारी ने इस पहल की सफलता को और बढ़ाया।

## शिक्षा मंदिर के नन्हें दीपों संग मना दशहरा उत्सव

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 स्थित बद्रीनाथ पार्क में दशहरा पर्व इस बार खास अंदाज में मनाया गया। गुरुवार को यहां शिक्षा मंदिर के नाम से संचालित पहल में लगभग 50 गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने वालीं ममता गर्ग के साथ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल सहित क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों ने मिलकर दशहरे का पर्व मनाया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि समाज में ऐसे लोग बहुत कम होते हैं जो निस्वार्थ भाव से गरीब और जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाकर उनके जीवन को संवारने का काम करते हैं। उन्होंने ममता गर्ग के प्रयासों की खुलकर प्रशंसा की और कहा कि शिक्षा मंदिर जैसे प्रयास ही आने वाले समय में राष्ट्र के भविष्य को मजबूत बनाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्र



के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिनमें प्रवीण अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुनील वैद्य, शैलेंद्र अग्रवाल, प्रवीण अरोड़ा, महेश शिवहरे, नवीन जैन, शैलजा, मंगल सिंह और सभरवाल जी प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में ममता गर्ग के कार्यों को अनुकरणीय बताया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों ने रामायण से प्रेरित प्रसंगों का मंचन कर उपस्थित जनों को प्रभावित किया। दशहरा पर्व का संदेश देते हुए कहा गया कि जिस प्रकार अच्छाई बुराई पर विजय प्राप्त करती है, उसी प्रकार शिक्षा अज्ञानता और गरीबी पर विजय पाने का सबसे बड़ा अस्त्र है। ममता गर्ग ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल बच्चों को पढ़ाना ही नहीं, बल्कि उनमें संस्कार, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों की भी शिक्षा देना है। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि यह कार्य समाज सेवा का अनुपम उदाहरण है और इससे प्रेरणा लेकर अन्य लोग भी ऐसे प्रयास कर सकते हैं।